अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 77,414.92
निफ्टी 23,519.35
सोना 92,115
चांदी 1,04,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 30 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।




# म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

## 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता



- यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा
- पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता

**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

- इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

# डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

- ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल -शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद



- उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।




### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

- पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

# कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई



पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।




# नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

## दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपा. सना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नए उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

### जामिया में नमाज पर प्रतिबंध, एमएमयू ने की निंदा

**श्रीनगर।** मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल- विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है।

### वक्फ बिल को लेकर तनाव फैलाना खतरनाक: कलराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड विधेयक को राजनी. तिक स्वरूप देकर इस पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की को. शिश करना देश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मिश्र ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि वक्फ बोर्ड का जो विधेयक लाया जा रहा है। उस विधेयक को विरोधी दल एक धर्म का विधेयक मानकर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधी दल इसे राजनीति से प्रेरित होकर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह कोई धर्म विधेयक नहीं है। हमेशा से कानून के दृष्टिकोण से सुधार करने करने के लिए विधेयक लाए जाते रहे हैं और समय-समय पर कानून में संशोधन भी हुए हैं, उसी प्रक्रिया के तहत यह विधेयक लाया गया है।

# एयरफोर्स के इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज, वार्ता**



■ प्रयागराज में घर में घुसकर मारी गोली

भारतीय वायु सेना के इंजीनियर की घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और वायुसेना दोनों पारिवारिक रंजिश का एंगल, विभाग की रंजिश के एंगल समेत कई एंगल पर जांच कर रही हैं। चीफ इंजीनियर का नाम एसएन मिश्रा है। उन्हें जब गोली मारी गइ, तब वह घर में सोए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या की यह वारदात सुबह करीब तीन बजे हुई। अज्ञात हमलावर ने बाहरी खिड़की से गोली मार दी।

घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली इलाके में स्थित कॉलोनी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की आशंका लग रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के साथ-साथ वायुसेना भी इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बम्हरौली इलाके में स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में एसएन मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कुछ लोग घर की खिड़की पर पहुंचे। ऐसे में जैसे ही मिश्रा ने खिड़की खोली, हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए, तो उन्होंने देखा कि मिश्रा जमीन में लहूलुहान पड़े थे। मिश्रा को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए। मिश्रा के कमरे को भी सील कर दिया गया है। वायुसेना ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर हमलावरों का पता लगा रही है।

# नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुर्मू ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ साथ यह यह भी सोचना होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवे. दनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहींद्ध संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विक. सित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है।

## एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी: खड़गे

# बैंकों के जरिये जनता को लूट रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार देश के बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया, केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी लगता है शुल्क

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, वहाट्सएप पर निकाशी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए कहा कि बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1.3 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो डॉलर के मुकाबले उस समय 60 रुपए थे और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

### केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा बाधित कर रही है: प्रियंका

**वायनाड, (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नए प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है।

### सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआई सीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं। गांधी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की।

# शाहवर शोहरत जैदी को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ सीएम योगी को अब मठ में जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए

**अमरोहा।** अल्पसंख्यकों की सहभागिता और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अमरोहा ज़िले की शाहवर शोहरत जैदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

एक गतिशील उद्यमी, परोपकारी और महिला सशक्तिकरण की पैरोकार सुश्री जैदी लंबे समय से समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की महिलाओं के उत्थान के लिए समल्पत रही हैं। उनकी नियुक्ति सार्थक बदलाव को आगे बढ़ाने और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आभार व्यक्त करते हुए, सुश्री जैदी ने समावे. शिता और सामुदायिक उत्थान में उनके नेतृत्व के लिए एनसीएम के माननीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल. पुरा की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ सशक्तिकरण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में निरंतर समर्थन के लिए रमणीक सिंह मोंगिया, सुश्री शैलजा नारंग और सुश्री शिखा की भी सराहना की। सुश्री जैदी की नियुक्ति समानता, आर्थिक अवसर और सामाजिक विकास में अंतर को पाटने के उनके चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। अपनी नई भूमिका में, उनका लक्ष्य उन पहलों को आगे बढ़ाना है जो स्थायी प्रभाव डालें और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों का उत्थान करें। उनके नामांकन का सामाजिक विकास, उद्यमिता और अल्पसंख्यक मामलों के हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, जो उन्हें प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में पहचानते हैं।

## अर्थ व्यापार

# ऊर्जा आपूर्ति व खपत में बढ़ोतरी जारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई। भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है, जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55 प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है। नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6-76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 2.55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है।

### 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन – कुल 3,652 करोड़ रुपए – अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है। जेएलएल के मुख्य अंर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विप. रीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

# स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विटल पर रहा है।

# माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

■ इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

# दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शहरों में होगा देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण : सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल पूर्ण होने के अवसर पर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिरकत की। इस दौरान रोड शो के साथ-साथ 51 पंडितों ने विधिवत स्वस्तिवाचन सहित 55 करोड़ की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया । इस अवसर पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में 38 विभागों ने अपने स्टाल लगाए, जहाँ बड़ी संख्या में आमजन ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ और जानकारी ली गयी।

देहरादून के सर्वे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाथीबड़कला से सर्वे स्टेडियम तक भव्य रोड शो में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्थापना वर्ष के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट कार्ड लिंकेज के चेक, लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य पूर्ण कर जल्द ही पहाड़ों में रेल का सपना साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, उड़ान योजना के माध्यम से देहरादून, अल्मोड़ा,



**मसूरी विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री, भव्य रोड शो में शामिल हुए सीएम व कैबिनेट मंत्री जोशी , 55 करोड़ की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास, 38 विभागों ने अपने स्टाल लगाए, आम जनता ने उठाया फायदा, मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया, लाभार्थियों को किट और चेक किए वितरित**

उत्तराकाशी, गौचर और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के लगभग 12 नगरों के लिए हेली सेवाएँ प्रारंभ होने से राज्य की एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहराद. न एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर फोरलेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करने की योजना भी तैयार की जा रही है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। शहर में स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। एक ओर जहां, शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है, वहीं निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर निगम देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल, राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र भसीन, राज्यमंत्री कैलाश पंत, नगर पालिका अध्यक्ष मसूरी मीरा सकलानी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, प्रदीप रावत, राकेश रावत, पूनम नौटियाल, ज्योति कोटिया, सुरेन्द्र राणा, कैप्टन दिनेश प्रधान, शमशेर सिंह बिष्ट सहित मसूरी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।

## आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए : जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ ही इन योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही हमने लगभग सभी योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश वासियों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पीसीसी अध्यक्ष ने किया कई घोटालों का खुलासा

## एक रुपये प्रति घन मीटर में दर तय कर रही सरकार: माहरा

**खेल विभाग में टेंडर के बिना दिया काम, 19 लाख के घोटाले में एक ही अधिकारी पर हुई कार्यवाही मालदारी ठेकेदारी प्रथा: सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन**



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य सरकार पर घोटालों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कुप्रबंधन का आलम यह है कि जनता के पैसों की लूट हो रही है, और जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

शनिवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता में माहरा ने कई प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सरकार 3 साल के विकास कार्यो का जश्न मना रही है, मगर प्रदेश में घोटाले और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुके है। माहरा ने वन निगम की और से मालदारी ठेकेदारी प्रथा को फिर से लागू करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 3 फरवरी 2025 को जारी किया गया यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सीधा उल्लंघन है। यह प्रथा कई सालों से विवादों में रही है और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वन विकास निगम ढॉचे में स्वीकृत 2828 पदों के सापेक्ष 1100 विभागीय कर्मचारी व 800 कर्मचारी आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत है तथा विभागीय अधिकारियों की और से वन संपदा के दोहन के काम से ठेकेदारी प्रथा शुरू करने की नीयत से आउट सोर्स कर्मचारियों को हटाने का षडयंत्र किया जा रहा है।

माहरा ने कोटद्वार के बनियाली क्षेत्र में रेत के ठेके के मामले का खुलासा करते हुए कहा कि ठेके के लिए 1 रुपये प्रति घन मीटर की दर तय की गई है। यह घोटाला प्रदेश की खनन नीतियों में भारी भ्रष्टाचार को दर्शाता है। उन्हाने कहा कि हरिद्वार के गेट नंबर 1 और 2 में करीब 19 लाख रुपये का घोटाला पकड़ा गया, लेकिन सिर्फ एक अधिकारी को सस्पेंड किया गया। बाकी सभी जिम्मेदार अधिकारी खुलेआम अपनी कुर्सियों पर बने रहे। माहरा ने लालकुआं में हुई 1.51 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने लॉगिंग ऑफिसर शेर सिंह को प्रभारी बनाए जाने की बात की, जो उनके अनुसार सबसे अधिक गलत काम करने वाले अधिकारी थे। माहरा ने प्रदेश सरकार से सवाल पूछा कि जब इतने बड़े घोटाले और अनियमितताएं सामने आ रही हैं, तो किसी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को उठाती रहेगी, और जब तक सही कार्रवाई नहीं होती, वे सरकार की नाकामी को जनता के सामने लाते रहेंगे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति में भी घोटाला

**देहरादून।** माहरा ने कोरोना काल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति में हुए घोटाले का भी खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 428 कर्मचारी भर्ती किए गए, और मंत्री ने एसआईटी का गठन किया था, मगर उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब एलयूसीसी को लेकर नया मामला सामने आया है, जिसमें महिलाओं को बरगलाया गया। माहरा ने धन सिंह रावत के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि जब आचार संहिता लगी हुई थी, तब भाजपा सरकार की ये संस्था आई थी। माहरा ने सहकारिता विभाग की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकारिता विभाग ने केंद्र से शिकायत की, लेकिन अपनी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं अब परेशान हैं और उन पर दबाव बनाया जा रहा है, जबकि विभाग का कर्तव्य था कि वह त्वरित कार्रवाई करता।

### 430 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी कुपोषित बच्चों की संख्या ढाई गुना बढ़ी

**देहरादून।** माहरा ने खाद्य विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डीएम देहरादून ने खाद्य विभाग पर छापा मारा, लेकिन इसके बावजूद किसी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 430 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी कुपोषित बच्चों की संख्या ढाई गुना बढ़ गई। इससे साफ है कि सरकार कुपोषण जैसी गंभीर समस्या को हल करने में नाकाम रही है। माहरा ने खेल विभाग की लापरवाही पर भी उंगली उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार समय पर खेलों की तैयारियां नहीं कर पा रही है और बिना टेंडर के काम दिए जा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

## राज्यपाल ने चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष 'विक्रम संवत-2082' की दी शुभकामनाए

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने चौत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष ''विक्रम संवत्-2082'' के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में माँ दुर्गा के नौ रूपों की उपासना हमें शक्ति, धैर्य और उत्साह प्रदान करती है। यह दिव्य पर्व श्रद्धा, भक्ति और शक्ति की आराधना का प्रतीक है, जो जीवन में नई ऊर्जा, सुख, समृद्धि और हर्षोल्लास का संचार करता है। उन्होंने कामना की कि नव संवत्सर में सभी का जीवन नई आशाओं, उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। राज्यपाल ने माँ दुर्गा से समस्त प्रदेशवासियों के लिए नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सफलता के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।




मुकद्दस रमजान 29

सुन्नी

रविवार अफतार 6:37 | सोमवार सेहरी 4:48

शिया

रविवार अफतार 6:42 | सोमवार सेहरी 4:53

मुकद्दस रमजानुल मुबारक की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी

प्रदेश सचिव

कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

पूर्व ग्राम प्रधान

मेहुंवाला माफी, देहरादून।


### पुलिस ने स्कूली बालिकाओं को शिखाया आत्मरक्षा तकनीक प्रशिक्षण , पुलिस लाईन ज्ञानसू में 1 दिवसीय कार्यशाला आयोजित



# मुस्लिम समुदाय का उत्पीड़न लोकतंत्र के खिलाफ: नेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मदरसों पर प्रदेश की धामी सरकार के सख्त एक्शन को देखते हुए संबंधित विभाग भी फुल एक्शन मोड में हैं। जिसके चलते जहां पहले बिना मान्यता के नियम विरुद्ध संचालित मदरसों को चिन्हित कर उनको सील करने की कार्रवाई की गई, वहीं अब एमडीडीए विभाग ऐसे निर्माण को चिन्हित कर नोटिसी कार्रवाई कर रहा है, जिन्होंने निर्माण कार्य के लिए मानचित्र स्वीकृति नहीं कराया है।

एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की आशंका को देखते हुए मुस्लिम समाज घबराया हुआ है। जिसके चलते सरकार के आदेशों पर विभागों द्वारा मदरसों और मस्जिदों पर की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी की अगुवाई में दर्जनों मदरसा संचालकों और मुस्लिम

**मामले में सरकार की हरकतों को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त, फिर बड़ी कार्रवाई की आशंका को देखते हुए मुस्लिमों ने घेरी तहसील**

समुदाय के सैकड़ों लोगों ने तहसील परिसर का घेराव करते हुए सरकार व विभागों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों से संबंधित राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपकर इस कार्रवाई को रोकने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार अकलियत के लोगों में भय पैदा करने का काम कर रही है। कहा कि सरकार कि शह पर नियम विरुद्ध तरीके से विभाग कार्रवाई कर रहे हैं जिन पर विराम लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाए का उत्पीड़न लोकतंत्र के खिलाफ है, मामले में सरकार की हरकतों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह कार्रवाई आगे भी जारी रही तो वह सरकार और विभागों के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय का कहना है कि सरकार सिर्फ मुस्लिम समुदाय को टारगेट कर रही है, खासकर रमजान के महिने में कार्रवाई करना और अब ईद से चंद रोज पहले एमडीडीए द्वारा मदरसों व मकतबों को अवैध निर्माण से संबंधित नोटिस भेजे जा रहे हैं उसमें भी महज एक से दो दिन का समय दिया जा रहा है। जो कि नियमों और कानून के विपरित है।

# मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर तथा चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है।

चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चौत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चौत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चौत्र नवरात्रों की प्रदेश में धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की परम्परा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा। यह पर्व हमें नवीन उत्साह के साथ देश व समाज की सेवा की भी प्रेरणा देता है। यह नवसंवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### चीड़ पिरूल दर 3 रुपये से बढ़ाकर हुई 10 रुपये प्रति किलोग्राम

देहरादून। चीड़ पिरूल से रोजगार और वन संरक्षण एक और दिलचस्प कदम यह है कि अब चीड़ पिरूल एकत्रीकरण की दर को 3 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति किलोग्राम किया गया है। इससे स्थानीय लोग न सिर्फ वनाग्नि नियंत्रण में मदद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।































## एक नजर

### किसानों पर हो रहे अत्याचार की निंदा

**कालाढूंगी।** किसानों पर हो रहे अत्याचार को रोकने और पंजाब में बंद किए गए किसानों को रिहा करने की मांग को लेकर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला के नेतृत्व में शुक्रवार को कालाढूंगी में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एसडीएम रेखा कोहली के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पंजाब के शंभु और खुनौरी बॉर्डर पर 500 से अधिक किसान कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जिसमें बुजुर्ग और दिव्यांग लोग भी शामिल हैं। किसानों के तंबू और अन्य सामान को कुंडियों से गिरा कर चोरी कर लिया गया। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को मानने के बजाय उनके आंदोलन को दबा रही है और उनका दमन किया जा रहा है। इस दौरान दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### नमन बेलवाल का नवोदय में चयन

**कालाढूंगी।** आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल बेलपोखरा के छात्र नमन



बेलवाल का जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में चयन होने पर विद्यालय व उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधक ताराचंद सत्यवली, प्रधानाचार्या ज्योति सत्यवली और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नमन के चयन पर खुशी व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है और इस सफलता को लेकर वे गर्व महसूस कर रहे हैं।

### गोली चलने से दो महिलाएं व बच्चा घायल

**काशीपुर।** घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली से दो महिलाएं व एक बालक घायल हो गया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी ग्राम बांसखेड़ा चांदा फार्म निवासी कुलदीप सिंह पुत्र हरबेल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 27 मार्च 2025 को किसी कार्य से काशीपुर आया था। इस दौरान शाम करीब 5.30 बजे उसे घर से फोन आया कि घर में गोली चली है। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि गोली उसकी मां जसवीर कौर के हाथ को चीरती हुई व बच्चे नवराज सिंह को छूते हुए उसकी पत्नी करमजीत कौर के पेट में जा लगी है। सभी को गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**काशीपुर।** सूर्या चौकी पुलिस ने ग्राम गंगापुर में किराये के घर के बाहर कच्ची शराब बेचते दया देवी उर्फ काजल पत्नी प्रमोद निवासी दभोरा टांडा थाना आईटीआई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 पाउच करीब 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी महिला का आबकारी एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई रुचिका चौहान, कांस्टेबल राजीव कुमार, सुरेंद्र रावत, कुंदर भौर्याल शामिल रहे।

### पेपर मिल के पास झाड़ियों में आग लगी

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित एक पेपर मिल के पास झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली कि बाजपुर रोड पर मल्टीवाल पेपर मिल के पास झाड़ियों में आग लगी है, जो फैक्ट्री की ओर बढ़ रही है। सूचना पर फायर स्टेशन की एक फायर यूनिट घटना स्थल पर पहुंची। आग मल्टीवाल फैक्ट्री तथा टाटा शोरूम के पास लगी थी, जो तेजी से टाटा शोरूम तथा फैक्ट्री की ओर बढ़ रही थी। फायर यूनिट ने मोटर फायर इंजन से 02 होज की एक लाइन बिछाकर पंपिंग कर आग की तीव्रता को कम किया। पानी समाप्त होने पर आईजीएल फैक्ट्री से पानी लाकर आग बुझाई गई। टीम में चालक दीपक राठौर, फायरमैन आकाश गैरोला, फायरमैन पंकज कुमार, फायरमैन सनी कुमार, महिला फायरमैन शिखा व राधिका आदि थे।

### नवरात्र: मांस व मछली की दुकान बंद रखी जाएं

**काशीपुर।** श्री सनातन धर्म सभा धर्म पंजीयन काशीपुर ने नवरात्रि पर्व पर मांस एवं मछली की दुकाने बंद रखने की मांग को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी काशीपुर को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि 30 मार्च रविवार से नवरात्रि पर्व शुरू हो रहे हैं जो 9 दिन तक रहेंगे। यह हिंदुओं का एक पवित्र पर्व है इन दिनों हिंदू 9 दिन तक व्रत रखते हैं व शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। श्री सनातन धर्म सभा काशीपुर ने नवरात्रों पर मांस एवं मछली की दुकान बंद रखने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि मांस मछली की दुकान बंद रहने से नगर व क्षेत्र का वातावरण शुद्ध बना रहेगा जिससे हिंदू लोग इस पर्व को शुद्धता के साथ मना सकेंगे। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री योगेश विश्नोई, अध्यक्ष केवल कृष्ण छाबड़ा, सनत कुमार पैगिया, अतुल कुमार अग्रवाल एडवोकेट, प्रसून वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 30 और 31 को खुला रहेगा जन सुविधा केंद्र

**अल्मोड़ा।** सहायक नगर आयुक्त भरत त्रिपाठी ने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए नगर निगम के भवन कर, लाइसेंस तथा तैहबाजारी देयकों को जमा किये जाने के लिए आगामी 30 एवं 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश पर नगर निगम के कर अनुभाग, लाईसेंस अनुभाग एवं तैहबाजारी अनुभाग खुला रहेगा।

# रेखा आर्या ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई

## सोमेश्वर के सोमनाथ मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल के उपलक्ष्य में बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमनाथ मैदान सोमेश्वर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और शिविर में विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ शिकायतें अग्रेषित की गई।





मंत्री आर्या ने सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों से शिकायतों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें। उन्होंने शिविर में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण देने को कहा। इस शिविर में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर किया गया। शिकायतों में पानी की समस्या, बिजली बिलों में गड़बड़ी और अन्य प्रशासनिक समस्याएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शख्सियतों को कैबिनेट मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। शिविर में करीब 694 लोगों को लाभ मिला। समाज कल्याण विभाग ने 36 सहायक उपकरण वितरित किए, 32 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए, बाल विकास विभाग ने 5 महालक्ष्मी किट वितरित की, और बिजली विभाग ने 11 शिकायतें निस्तारित की। होम्योपैथी और आयुर्वेद विभाग ने 358 लोगों को दवाएं दीं, जबकि उद्यान विभाग ने 171 लोगों को बीज, पौधे और दवाएं दीं। कार्यक्रम में नगर निगम अल्मोड़ा के मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मंडल अध्यक्ष अंजली जोशी, एडीएम सदर संजय कुमार, और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन ने कराई प्रतियोगिता

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता इंटर नेशनल टेनिस फेडेरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर सीनियर टेनिस खिलाड़ी व उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित गोयल रहे। प्रतियोगिता में रानीखेत के सुमित गोयल अपने युगल साथी विजेंद्र चौहान के साथ 50 वर्ष की युगल स्पर्धा के चैम्पियन रहे। प्रतियोगिता में जर्मनी के डी-होस्ट डोरियल, नागालैंड के हुरि कोने रो तु, रायबरेली के सुनील कुमार, लखनऊ की जुंबा खान, देहरादून के लोकेश चुग एवं कुशल शर्मा, चंडीगढ़ के सलख सिंह पुरिया, हैदराबाद के अया स्वामी पिला मुस्तु, मुरादाबाद के यशपाल अरोड़ा, देहरादून के प्रदीप वालिया अपनी-अपनी आयु वर्ग में विजेता रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन को विशिष्ट खेल सचिव डीजीपी अमित सिन्हा के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी सिंह एवं वालिया रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन व 50 वर्ष आयु वर्ग में चैंपियन बनने के लिए रानीखेत के प्रभात माहरा, जिला टेनिस संघ के उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय, अनिल गोयल, गोविंद सिंह बिष्ट, अरविंद साह, गौरव पांडेय, डा. महीराज माहरा, अशोक हाल गर्ल्स स्कूल के प्रधानाचार्य हेमंत राय आदि ने हर्ष व्यक्त किया। सुमित गोयल ने यह भी बताया कि उत्तराखंड में टेनिस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताएं एवं विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क टेनिस के कोचिंग कैम्प लगाए जाएंगे। इसी श्रृंखला में माह अप्रैल में रानीखेत में एक कुमाऊं स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## रामलीला मैदान में लगा बहुउद्देशीय व चिकित्सा शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** भाजपा सरकार के सेवा सुशासन और विकास के 3 वर्ष पूर्ण होने पर आज यहां रामलीला मैदान में बहुउद्देशीय व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका



शुभारंभ विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, जाति, विकलांग प्रमाण पत्र, किसान पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि सहित कृषि विभाग, खाद्य पूर्ति विभाग आदि विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क पंजीकरण, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच, निःशुल्क औषधि वितरण, होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा एवं औषधि वितरण, खून की जांच, दांतों की जांच की गई। साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया। शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी किए गए। इस अवसर पर पूर्व मेयर उषा चौधरी, मुक्ता सिंह, राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, अभिषेक गोयल, गुरवख्श सिंह बग्गा, लवीश अरोरा, प्रियंका अग्रवाल, बलकार सिंह, रवि पाल, गुरविंदर सिंह चंडोक, बिट्टू राणा, राजेश शर्मा, तेजवीर सिंह चौहान, चौधरी समर पाल सिंह, डॉ. गिरीश तिवारी, रजत सिद्धू समेत भारी संख्या में भाजपाई तथा एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला मौजूद रहे।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हुआ प्रचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज सलानी में चिकित्सा एवं बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की गई। विभिन्न सरकारी विभागों ने स्टाल लगाकर



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर कई लोगों को लाभान्वित किया। शिविर का उद्घाटन दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास और जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने किया। उन्होंने शिविर में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। बिष्ट ने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की हैली सेवा को ऐतिहासिक पहल बताया। विधायक दास ने सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर चर्चा की और जनता से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र, चेक वितरण, और जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कृषि, बागवानी, पशुपालन जैसे विभागों ने भी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार के अवसरों पर जोर दिया और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिए।

## व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कालाढूंगी के अध्यक्ष राजेश कुमार गोयल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर पालिका कालाढूंगी के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार से मिलकर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की मांग की। व्यापारियों ने मुख्य रूप से दो समस्याओं का समाधान करने की मांग की। पहली, उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सामान लाने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क को समाप्त करने की अपील की। दूसरी, तहबाजारी शुल्क के पुनर्विलोकन की



मांग करते हुए व्यापारियों ने स्थाई दुकानदारों से कोई तहबाजारी शुल्क न लेने की सलाह दी। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राजेश कुमार गोयल, महामंत्री मतलूब इलाही, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरजीत, उपाध्यक्ष नाजिम सैनी, उपकोषाध्यक्ष बॉबी पांडे, हरीश पांडे, जिला पदाधिकारी जनक राज उत्पल, दीप चन्द्र, राकेश भण्डारी और नदीम अहमद समेत अन्य व्यापारी शामिल थे।

# परीक्षाफल वितरण समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह धूमधाम से



आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा बागेश्वर के शाखा प्रबंधक अश्विनी कुमार, फील्ड ऑफिसर सुशील कुमार शर्मा और प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने छात्रों को पुरस्कार और परीक्षाफल वितरित किए। शाखा प्रबंधक अश्विनी कुमार और फील्ड ऑफिसर सुशील कुमार शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के तहत बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने विद्यालय परिवार की ओर से बैंक शाखा के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कक्षा 6 में नेहा परिहार, जया कुँवर और कनक आर्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में गौरव जोशी, सागर जोशी और सुशीला रावत ने स्थान हासिल किए। कक्षा 8 में नंदनी, ललित कुमार और हर्ष सिंह ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 9 में प्रियांशु, तनुजा नेगी और सागर सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 के विज्ञान वर्ग में करन कुमार, त्रिभुवन और तनुज रावत तथा कला वर्ग में गौरव कुमार, दीक्षा नैनवाल और साक्षी मेहता ने पुरस्कार प्राप्त किए।

## विवि की छात्रा समिष्ठा भट्ट का भारतीय संसद में प्रतिनिधित्व



शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्रा कुमारी समिष्ठा भट्ट ने भारत सरकार के बड़े कार्यक्रम विक. सित भारत युथ पार्लियामेंट 2025 के राज्य स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित समिष्ठा भट्ट 1-2 अप्रैल को नई दिल्ली में भारतीय संसद में उत्तराखंड राज्य और पंतनगर का प्रतिनिधित्व करेंगी। समिष्ठा ने 78 युवा प्रतिभागियों को पछाड़कर राज्य स्तर के राउंड में बाजी मारी। उनके साथ पंतनगर विश्वविद्यालय के अन्य आठ छात्र भी राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्व. विद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने समिष्ठा और अन्य छात्रों को बधाई दी।

## सड़क पर निर्माण सामग्री डालने पर हुई कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** सड़क पर निर्माण सामग्री डालने ठेकेदार को भारी पड़ गया। पुलिस ने ठेकेदार के विरुद्ध 10 हजार रुपये की कार्रवाई की है। सड़क पर से रेता बजरी हटाने के भी निर्देश दिए। शनिवार को प्रभारी चौकी धारानौला आनंद बल्लभ कश्मीरा की अगुआई में पुलिस टीम ने धारानौला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान धारानौला क्षेत्र में सड़क पर भारी मात्रा में निर्माण सामग्री मिली। निर्माण सामग्री से दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई थी। जबकि यातायात भी बाधित हो रहा था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठेकेदार के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। ठेकेदार को शीघ्र सड़क से निर्माण सामग्री हटाने और भविष्य में ऐसा नहीं करने की सख्त हिदायत दी। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# अतिक्रमण के नाम परेशान करने का आरोप

## मुस्लिम समुदाय ने एसडीएम के जरिए सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** अतिक्रमण के नाम पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता यामीन सैफी के नेतृत्व में दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग कालाढूंगी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी रेखा कोहली के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि कालाढूंगी नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, गोस्वामी विद्यालय के पास से गुजरने वाले नाले के करीब सैकड़ों लोगों के घर और भूमि स्थित हैं, लेकिन इनमें से कुछ मुस्लिम समुदाय के लोगों को अतिक्रमण के



नाम पर परेशान किया जा रहा है। जबकि ऊपर और नीचे की ओर सैकड़ों अन्य लोग भी वहां रहते हैं, लेकिन उन्हें इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा। इस कार्रवाई में भाजपा के कार्यकर्ताओं का भी हाथ होने का आरोप है। सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि अतिक्रमण हटाना है, तो सिंचाई विभाग को अपनी नहर और आसपास के अतिक्रमण को हटाना चाहिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग को भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा मुख्य हाईवे से छोटी हल्द्वानी को जाने वाली सड़क, मंदिर-मस्जिद धोबी घाट होकर चकलुआ जाने वाली सड़क के आस-पास के अतिक्रमण को भी निष्पक्ष रूप से हटाने की मांग की गई। यामीन सैफी, नईम अहमद, रहीस भारती, अकील मलिक, शाकुल नबी, मुबारक अली, शहीद, मो. रियाज, शकवत, फुरकान, सलामत हुसैन, निसार, रहीस सैफी, नबाव हुसैन, शमशाद अली, तुफैल और रहमत अली जैसे नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर केवल कुछ लोगों को परेशान किया गया और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने और न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होंगे।

## ब्राइड इन ने जीता मुकाबला

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** हेमवती बहुगुणा स्टेडियम में 9-ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता जारी है। प्रतियोगिता के तहत ब्राइड इन कार्नर और रामनगर के मध्य पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें ब्राइड-इन-कॉर्नर की टीम ने 6-3 के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। प्रतियोगिता के पहले हफ्ते से ही ब्राइड-इन कॉर्नर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बना ली थी। वहीं, दूसरे हाफ तक



टीम ने 6-3 के अंतर से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं, रामनगर की टीम तीन गोल ही दाग सकी। इस मौके पर यहां फुटबॉल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरीश, भूपेश सिंह बिष्ट भैप्पू, दीपक शाही, दीपक वर्मा, किशन खोलिया, विनय किरौला समेत कई खेलप्रेमी रहे।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री नदीम अहमद पुत्र श्री सलीम अहमद निवासी कालाढूंगी वार्ड नं. 3 पो. ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. 2 में अपने कब्जे की भूमि पर टीन शेड का निर्माण किया गया है। जिसके पूरब में श्री रहीस अहमद का भवन, पश्चिम में दीगर व्यक्ति की भूमि, उत्तर में दीगर व्यक्ति की भूमि व दक्षिण में सड़क स्थित है। जिसका गृहकर प्रार्थी श्री नदीम अहमद पुत्र श्री सलीम अहमद द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र उपरान्त उक्त टीन शैड का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में श्री साबिर अहमद भूरे कालाढूंगी वार्ड नं. 2 के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। नोट:- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष
अलीम खान



उपाध्यक्ष
अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद





इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हल्द्वानी।

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)



Zubair Khan



Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

## 21 छात्र-छात्राओं का जन्मदिन मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में माह के अंतिम दिवस में फरवरी और मार्च माह में पैदा हुए 21 छात्र-छात्राओं का सामूहिक जन्मदिवस मनाया गया। बच्चों के लिए सामूहिक केक मंगवाया गया और हर बार की भांति बच्चों की खुशियों का आनंद मनाया गया। इस बार फरवरी और मार्च माह वाले जन्मदिवस वाले का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम के संचालक रचित बल्दिया ने बताया कि फरवरी माह बोर्ड परीक्षा के कारण जन्मदिवस कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया था। इसलिए फरवरी और मार्च दोनों माह के सभी बच्चों का एक साथ जन्मदिवस मनाया गया। सभी बच्चों के लिए विशेष भोजन मटर पनीर पूड़ी बनाया गया। बच्चे अपना जन्मदिवस मनाकर बहुत प्रसन्न हुए सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, विज्ञान शिक्षक पवन कुमार, रचित बल्दिया, ओम प्रकाश, नंदन कुमार, रेखा देवी, पुष्पा देवी मौजूद रहे।

# बेस के बालरोग विभाग में कॉकरोच का डेरा

## शिकायत के बाद आयुक्त का छापा, बेड में घूमते मिले कॉकरोच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेस अस्पताल के बाल रोग विभाग के बेड पर बड़ी संख्या में कॉकरोच पाए जाने की शिकायत पर

- अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार
- सीएमएस से स्पष्टीकरण मांगा



आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेड पर कॉकरोच पाए जाने पर आयुक्त दीपक रावत ने जमकर फटकार लगाई और बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सीएमएस को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया और भविष्य में ऐसी स्थिति को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। शनिवार को आयुक्त दीपक रावत ने सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने अस्पताल में पाई गई अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्हें बाल रोग विभाग के बेड पर बड़ी संख्या में कॉकरोच पाए जाने की शिकायत मिली, जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया। जांच में यह शिकायत सही पाई गई, जिससे आयुक्त ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर असंतोष जताया। आयुक्त ने जब सीएमएस डा. केके पांडे से इस स्थिति का कारण पूछा, तो उन्होंने स्वीकार किया कि 1 मार्च से ही अस्पताल में कॉकरोच की समस्या थी, लेकिन इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा दवाओं के प्रभावी न होने और उनके खरीद के लिए उचित बिल नहीं होने की जानकारी भी दी गई। आयुक्त ने सीएमएस को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया और भविष्य में ऐसी स्थिति को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अतिरिक्त, अस्पताल के शौचालयों में भी गंदगी पाई गई, जिस पर आयुक्त ने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से स्वच्छता बनाए रखने की विशेष अपील की और कहा कि यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसे सख्ती और संवेदनशीलता से निपटना चाहिए। आयुक्त ने अस्पताल कर्मचारियों की यूनिफॉर्म के लिए धनराशि स्थानांतरण से जुड़ी समस्याओं को भी सुना और प्रशासन को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुमाऊं मंडल के सभी अस्पतालों को भी सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त श्री रावत ने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिलना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था दोबारा पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वैज्ञानिकों ने किया दांगड़ गांव के गेहूं खेतों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलिकोट की वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने शनिवार को भीमताल विकासखंड के सरियाताल और दांगड़ गांव के कृषकों के गेहूं के खेतों का निरीक्षण किया और प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर डा. नैनवाल ने कृषकों को गेहूं की अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों वीएल 907 और एचडी 2967 के बारे में जानकारी दी। जिनका बीज इस वर्ष नैनीताल जिले के विभिन्न गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा वितरित किया गया था। डा. नैनवाल ने किसानों को गेहूं के अधिक उत्पादन के लिए आवश्यक उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कृषकों को उच्च उत्पादन देने वाली प्रजातियों का बीज उत्पादन करने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि वे आगामी वर्षों में इन प्रजातियों का लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम में सरियाताल और दांगड़ गांव की सरपंच कमलेश जीना, प्रगतिशील कृषक तुलसी जीना, लता देवी, लीला देवी, देवकी देवी, प्रेमा जीना, मीना जीना आदि मौजूद रहे।

# बैंक में बंधक जमीन बेचने के नाम पर 50 लाख ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने बैंक में बंधक जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 50 लाख

### आरोपी पर कई आपराधिक मुकदमे

रुपये ठगने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चलते ही उसके होश उड़ गए, जब उसे पता चला कि आरोपी पर कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार पीलीकोठी निवासी विनय साह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह अपने परिचित विनीत बोरा के जरिए गांधी चौक, सदर बाजार रानीखेत निवासी राजेश रावत से मिले थे। राजेश ने नैनीताल रोड स्थित क्रेजी किचन काठगोदाम के सामने एक जमीन को अपनी बताकर, उसे आधी संपत्ति खरीदने का प्रलोभन दिया। इसके बाद, उसने भरोसा दिलाते हुए भविष्य में साथ मिलकर व्यवसाय करने का वादा किया। विनय ने राजेश की बातों पर भरोसा करते हुए 20 मार्च 2023 को उसे 19 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद, 18 अप्रैल को अपनी पत्नी मनीषा साह के खाते से राजेश की फर्म के खाते में 31 लाख रुपये और ट्रांसफर कर दिए। जब विनय ने राजेश से एग्रीमेंट के लिए कहा, तो वह टालमटोल करने लगा। विनय ने इसके बाद प्राधिकरण से जांच की तो उसे पता चला कि जिस संपत्ति का सौदा हुआ था, उस पर नेशनल हाईवे और सिंचाई विभाग के नियमों के तहत कोई भी निर्माण नहीं कराया जा सकता। इसके अलावा, यह संपत्ति बैंक में बंधक भी थी। विनय ने बताया कि राजेश के खिलाफ कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# यूकेडी ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूकेडी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमें वापस लेने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए का पुतला दहन किया। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उत्तराखंड के हितों की अनदेखी कर रही है और इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। शनिवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में दर्जनों यूकेडी कार्यकर्ता एकत्र हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबजी करते हुए प्रदर्शन किया। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि जिस प्रकार से उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं, वह यह



साबित करता है कि भाजपा सरकार कहीं न कहीं डर चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस मौके पर पार्षद रवि वाल्मीकि ने कहा कि यह सरकार पहाड़ विरोधी है और प्रदेश के विकास के प्रति उदासीन है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुतला दहन करने वालो में जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रताप चौहान, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, पहाड़ी आर्मी के संस्थापक हरीश रावत, नवीन जोशी, सुरेश जोशी, प्रताप चौहान, करण जोशी, नमन नागदाली सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता से मारपीट, वकीलों ने घेरी चौकी

## युवती ने अपने भाई को बताया भाई ने की अधिवक्ता को पीटा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी के जजी कोर्ट परिसर में एक जूनियर अधिवक्ता से मारपीट की घटना सामने आई है। मारपीट से गुस्साएं अधिवक्ताओं ने भोटिया पड़ाव चौकी में जमकर हंगामा काटा और आरोपी महिला अधिवक्ता व उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों द्वारा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया जिसके बाद वकीलों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामला दो दिन पुराना है। अधिवक्ता दीपक पंत वरिष्ठ अधिवक्ता के अधीन प्रैक्टिस करते है। वहीं एक युवती भी उन्हीं



के अधीन वकालत के गुर सिख रही है। मामले में पीड़ित अधिवक्ता दीपक पंत का कहना है कि दो दिन पहले वकालत की पढ़ाई कर रही छात्रा से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि छात्रा ने पैर मार उनका बैग गिरा दिया था, जिस पर उन्होंने युवती को डांट दिया था। दोनों के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन वहां मौजूद अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला निपटा दिया। हालांकि घटना युवती के दिल में रह गई। उसने यह बात अपने भाई अतुल गुप्ता को बताई और शनिवार को वह अपने भाई अतुल को लेकर जजी पहुंच गई। युवती के भाई अतुल ने फोन कर अधिवक्ता को जजी के बाहर बुलाया और वह जैसे पहुंचे उसने अधिवक्ता पर हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता के सिर पर चोट आई और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साए अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ भोटियापड़ाव पुलिस चौकी का घेराव कर दिया। अधिवक्ता तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। बात नहीं बनी तो अधिवक्ताओं ने धरना और नारेबाजी शुरू कर दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चौकी प्रभारी अनिल कुमार अधिवक्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दे पाए। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में युवती को बुला कर पूछताछ की गई है। मामले में तहरीर के आधार पर अतुल गुप्ता नाम के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### वद्धा को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस

**हल्द्वानी।** गौलापार में एक वृद्धा को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गौलापार निवासी अर्जुन आर्या ने बताया कि उनकी मां जानकी देवी 26 नवंबर को दोपहर सड़क किनारे पैदल चल रही थी, तभी सितारगंज की ओर से आ रही इनोवा कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। आरोप है कि पुलिस ने शुरू में तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद अर्जुन आर्या एसएसपी से मिले, जिसके बाद काठगोदाम पुलिस ने मामला दर्ज किया। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपित कार चालक, चंडीगढ़ निवासी नेत्र सिंह बिष्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### फंदे से लटकर मजदूर ने दी जान

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते राजपुरा क्षेत्र में एक मजदूर का शव फंदे से लटका मिला। आनन फानन में परिहन उसे अस्पताल लाए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि राजपुरा निवासी 20 वर्षीय जोगेंद्र ने शनिवार सुबह करीब दस बजे अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। वह पेशे से मजदूर है। पुलिस के अनुसार घटना की वजह का पता नहीं लग पाया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### सेवानिवृत्त हवलदार के घर में लगी आग

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के नंदपुर कठघरिया में शनिवार सुबह एक सेवानिवृत्त फौजी के घर में आग लग गई। आग घर के एक कमरे में लगी और देखते ही देखते पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार दुर्गादत्त जोशी जो सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, अपने परिवार के साथ इस घर में रहते हैं। उनके अनुसार शनिवार सुबह घर के एक कमरे में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे घर के लोग घबराए और उन्होंने तुरंत आग बुझाने की कोशिश की। मदद के लिए पड़ोसियों को आवाज दी गई और पुलिस तथा दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। लेकिन जब तक वे पहुंचे, लोगों ने अपनी मदद से आग पर काबू पा लिया। आग में पंखा, कूलर, बेड, वॉशिंग मशीन, फ्रीज और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित ने बताया कि घर में 25,000 रुपये की नगदी भी थी, जो आग में जल गई। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है, और इस घटना में करीब ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि आग से नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लॉयर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**नैनीताल।** ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस एडवोकेट कैलाश जोशी ने बताया की रविवार (आज) को अपराह्न 1 बजे से नगरपालिका सभागार में उत्तराखंड की समान नागरिक संहिता पर बैठक आहूत की गई है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता करेंगे जबकि मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. महेंद्र सिंह पाल व मुख्य वक्ता राज्य सचिव भाकपा (माले) इंद्रेश मैखुरी रहेंगे।

### चैत्र नवरात्र आज से

**हल्द्वानी।** इस बार चैत्र मास की नवरात्रि 30 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक रहेंगी। 7 मार्च को हरेला विसर्जन किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार नवरात्रि के दौरान विशेष शुभ कार्य जैसे गृहप्रवेश, नव व्यापार, वाहन या जमीन की खरीद-फरोख्त किए जाते हैं, लेकिन इस बार खरमास के कारण शुभ कार्यों को टालना ही उचित रहेगा। खरमास के दौरान सूर्य और देव गुरु बृहस्पति का प्रभाव कमजोर रहता है, क्योंकि सूर्य अपने गुरु बृहस्पति की सेवा में रहते हैं। इस कारण शुभ कार्यों के लिए सूर्य और बृहस्पति का बलवान होना जरूरी होता है, जिससे शुभ फल प्राप्त होते हैं। आगामी शुभ कार्य 14 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। इस बीच जप, तप और दान करना शुभ माना जाता है। खरमास में आने वाले रविवार को स्नान, ध्यान, जप, दान और योग करना कल्याणकारी होता है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय के अनुसार, नवरात्रि पर्व की प्रतिपदा 29 मार्च को शाम 4:27 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन दोपहर 12:49 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 30 मार्च, रविवार को नवरात्रि पर्व की शुरुआत होगी। 5 अप्रैल को महागौरी पूजन, 6 अप्रैल को माता सिद्धिदात्री एवं कन्या पूजन, और 7 अप्रैल को हरेला विसर्जन होगा। इस बार माता हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, और उनका प्रस्थान भी हाथी पर होगा। हाथी पर माता का आगमन सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस बार शारदीय नवरात्रि के दौरान माता का आगमन एन्द्र, सायं काल में सर्वार्थसिद्धि योग और रेवती नक्षत्र में हो रहा है। 1, 6, और 7 अप्रैल को भी सर्वार्थसिद्धि योग बनने से शुभ फल प्राप्त होगा।

# अस्पताल में महिला कर्मी से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में महिला कर्मी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने महिला कर्मी के साथ दुष्कर्म का भी प्रयास किया। अब इस मामले में मुखानी पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता ने पुलिस सौंपी तहरीर में कहा कि जिस अस्पताल में वह काम करती है, वहां कीर्ति किरण सिंह कड़ाकोटी अस्पताल के लिए मार्केटिंग का काम करता है। पीड़िता का कहना है कि उसने अपनी अन्य दो साथियों के साथ एक साथ नौकरी शुरू की थी। आरोप है कि कीर्ति की उनपर पहले दिन से नजर थी। आते-जाते वह छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था। विरोध करने पर नौकरी से निकलवा देने की धमकी देता। एक दिन तो उसने पीड़िता को दबोच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह बचकर भागी और रोते हुए एचआर के पास पहुंची। शिकायत पर कुछ समय पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया। आरोपी को जब पता लगा कि घटना स्थल पर सीसीटीवी नहीं है तो उसने पीड़िता को नोटिस थमा दिया। जिसके बाद पीड़िता शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि मामले में महिला कर्मी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बागेश्वर और यूएसनगर ने जीते मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन तत्वावधान में सीनियर अंतरजनपदीय लीग मैंच में शनिवार

### लीग मैचों में लगातार चौथी बार विजय रहीं बागेश्वर की टीम

को जीएनजी क्रिकेट एरिना हल्द्वानी में बागेश्वर और टिहरी के मध्य मैच खेला गया। जिसमें टिहरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 45 ओवर में सभी विकेट खोकर 203 रन बनाएं। रोहित यादव और विपिन अधिकारी ने टीम के लिए 33-33 रनों का योगदान दिया। 203 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी बागेश्वर की



टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 6 विकेट के नुकसान पर पूरा कर मैच को 4 विकेट जीत लिया। टीम के लिए विलास जोशी ने 52, प्रताप सिंह ने 42 व मो. हारून ने 37 रनों का योगदान दिया। जबकि टिहरी के लिए किशन वीर ने 5 विकेट लिए। दूसरा मैच रामनगर के कौशिकी मैदान में खेला गया। हरिद्वार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाये। टीम के लिए आयुष चौहान ने 64, लवलीत ने 60 व अंनत ने 49 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी उधमसिंह नगर की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को अंतिम ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मैच को 2 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए अभिमन्यु सिंह ने 76, आर्यन चौधरी ने 45 व विनय कुमार ने नाबाद 57 रनों की पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई। जबकि हरिद्वार के शहंशाह आलम ने 3 विकेट लिए। मैच के अंपायर की भूमिका में विजय आर्या, गणेश रोहियाल, आयुष सिंह, सुमित गुप्ता, जबकि स्कोर में मनीष कुमार, शुभम कौशल थे। इस मौके पर सीएयू के पूर्व कार्यवाहक कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, बागेश्वर सचिव रमेश दानू, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आनंद बिष्ट, अमर संधू, दिग्विजय कनवाल, नरेंद्र अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला रामलीला मंचन एक अप्रैल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विगत दो वर्षों से पुनर्नवा महिला समिति द्वारा पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान हीरानगर में होती आ रही महिला रामलीला इस वर्ष भी एक अप्रैल से आयोजित की जा रही है। महिला रामलीला मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। 31 मार्च को ध्वज पूजन किया जायेगा। 11 दिनों तक चलने वाली महिला रामलीला मंचन को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। यह बात समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने कहीं।

शनिवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए पिछले दो वर्ष की तरह इस बार भी पुनर्नवा महिला समिति द्वारा हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में एक अप्रैल से महिला रामलीला मंचन का आयोजन करने जा रही है। इस बार भी रामलीला में 4 साल की उम्र की बेटियों से लेकर 75 साल तक की महिलाएं अलग-अलग भूमिका में नजर आयेंगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल दस दिन की रामलीला मंचन किया गया था जबकि इस बार समिति रामलीला मंचन 11 दिन तक करेगी। सचिव शान्ति जीना ने बताया कि महिला रामलीला के माध्यम से जहां महिला सशक्तिकरण का संदेश जाता है, वहीं प्रभु राम की आदर्श और प्रेरणादायक लीला को निभाने का सौभाग्य भी मिलता है। उन्होंने बताया कि इस बार महिला रामलीला में माता सीता के जन्म की लीला का भव्य मंचन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया इस बार रामलीला में बाल हनुमान के रूप में 10 वर्ष की निवेदिता जोशी, बाल अंगद के रूप में निर्भीका जोशी और शत्रुघन के रूप में 12 वर्षीय सिद्धि जोशी के साथ-साथ 75 वर्षीय लीला मनराल, सुषेन वैद्य और सबरी के रूप में मंच पर दिखेंगे। समिति प्रचार-प्रसार सचिव कल्पना रावत ने बताया कि पहले दिन नारद मोह, रावण, कुंभकरण और विभीषण को वरदान का मंचन किया जायेगा। उन्होंने कहा रामलीला में सभी पात्र महिलाओं द्वारा निभाए जा रहे है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग रामलीला का मंचन देखने आये और महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन करें। पत्रकार वार्ता के दौरान समिति की उपाध्यक्ष यशोदा रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट आदि मौजूद रहे।



## स्वच्छता अभियान में नालियों की सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा नेता और पार्षद प्रतिनिधि हेमन्त साहू के नेतृत्व में आज राजेन्द्र नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान आर्मी कैंट के पास स्थित गंदगी से भरे नाले की लगभग 60 मीटर लंबी सफाई की गई, जिससे सैकड़ों कुंतल कचरा निकाला गया। युवा नेता हेमन्त साहू ने मौके पर उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि नालों और नालियों में कूड़ा कचरा न फेंके। उन्होंने सफाई को केवल एक काम नहीं बल्कि एक धर्म मानते हुए कहा कि इस तरह के अभियान पहले भी उनके द्वारा चलाए गए हैं। साहू ने नगर निगम से इलाके में कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव और सभी नालों की सफाई की मांग की। इस अवसर पर पार्षद प्रीति आर्या ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया और कहा कि इस तरह के अभियान से सफाई के नायकों का हौसला बढ़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, और सभी नालियों की सफाई का कार्य जारी रहेगा ताकि इलाके को गंदगी से मुक्त किया जा सके।



# हल्द्वानी में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर में मच्छरों का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से इस समस्या का समाधान करने के लिए

### नगर निगम ने अब तक नहीं कराई फॉगिंग

अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

यह स्थिति शहरवासियों के लिए चिंता का कारण बन चुकी है, क्योंकि मच्छरों की समस्या गर्मी के साथ और विकराल होती जा रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसे घातक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस बीच, नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल

> महानगर में मच्छरों के प्रकोप से जनता को निजात दिलाने के लिए फॉगिंग की तैयारियों पर तेज़ी से काम चल रहा है। जल्द ही पूरे शहर में फॉगिंग कराई जाएगी। नगर निगम की ओर से निगम की ओर से विशेष सफाई पखवाड़ा भी शुरू होने जा रहा है। युद्धस्तर पर पूरे शहर की साफ-सफाई की जाएगी।
> **ऋचा सिंह, नगर आयुक्त**

उठने लगे हैं, क्योंकि शहर की साफ-सफाई और जनहित के मामलों में उनकी लापरवाही साफ तौर पर दिख रही है।

हल्द्वानी में मच्छरों का प्रकोप खासकर गर्मी के मौसम में बढ़ जाता है, और शहरवासियों के लिए यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लोग मच्छरों के कारण परेशान हैं, लेकिन नगर निगम द्वारा अभी तक किसी प्रकार की फॉगिंग (मच्छर मारने के लिए रसायनिक धुंआ) या कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था नहीं की गई है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब डेंगू और मलेरिया जैसे जानलेवा रोगों का खतरा मंडरा रहा हो। खासकर उन इलाकों में, जहां गंदगी और जलभराव की समस्या ज्यादा है, मच्छरों की बढ़ोतरी और भी खतरनाक साबित हो सकती है। लोगों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा सार्वजनिक सेवाओं की अनदेखी की जा रही है, जबकि इन समस्याओं से शहरवासी प्रभावित हो रहे हैं। पार्षदों ने भी इस मुद्दे पर कोई खास पहल नहीं की है, जिससे लोगों में नाराजगी का माहौल बन गया है।

## 'उत्तराखंड के प्रकृति प्रहरी' का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में प्रो. डा. दीपा गोबाड़ी द्वारा लिखित 'उत्तराखंड के प्रकृति प्रहरी' नामक पुस्तक का शनिवार को विश्वविद्यालय सभागार में विमोचन हुआ। इस पुस्तक में उत्तराखंड के मूर्धन्य प्रकृति सेवकों और प्रहरियों के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी गई है, साथ ही राज्य की पर्यावरण चेतना और उससे जुड़े तिथियों और त्योहारों पर भी प्रकाश डाला गया है। पुस्तक के विमोचन के दौरान डा. गोबाड़ी ने कहा पर्यावरण केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह जीने की कला है। हमें पांच महाभूतों का संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी है और हम उसी पर्यावरण का एक सूक्ष्म हिस्सा हैं। जिसमें हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। यह सिर्फ नदी बचाने या पेड़ लगाने का नाम नहीं है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा परिवेश छोड़कर जाएं। इस अवसर पर डा.गोबाड़ी ने चिपको आंदोलन के बारे में भी एक महत्वपूर्ण पहलू उठाया। उन्होंने कहा कि चिपको आंदोलन वास्तव में एक अधिकार आंदोलन था, न कि केवल पर्यावरण संरक्षण का। इस अवसर पर प्रो. प्रभात उप्रेती, डा.बीएस कालाकोटी, पूर्व वनाधिकारी मदन बिष्ट, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, मोहन कांडपाल, चंदन नयाल और कॉलेज के प्रो. एवं स्नातक छात्र-छात्राएं शामिल थे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## यूकेडी नेताओं को जेल भेजने पर आक्रोश



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अंकिता हत्याकांड में शामिल हत्यारों को सजा दिलाने, वीवीआईपी का नाम उजागर करने की मांग को लेकर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ रहे उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़े आशुतोष नेगी और आशीष नेगी की सरकार की शह पर देहरादून प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेजने से आक्रोशित जन संगठनों से जुड़े लोगों ने बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर लखनपुर चुंगी में प्रदर्शन कर उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किया।

राज्य आंदोलनकारी उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी के संचालन में संपन्न बैठक में सामाजिक जन संगठनों से जुड़े लोगों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की पैरवी कर रहे उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़े आशुतोष नेगी एवं आशीष नेगी को फर्जी मुकदमे में जेल भेजने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उनकी अविलंब बिना शर्त रिहाई की मांग की। वक्ताओं में इस बात को लेकर भारी रोष था कि मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश के लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने को लेकर लगातार बयान बाजी कर लोगों को उकसाने का काम कर रहे हैं। उन्हीं के मंत्री रहे प्रेमचंद अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट देसी-पहाड़ी और आंदोलनकारी के लिए आपत्तिजनक बयान देकर जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस दौरानचंद्रशेखर जोशी, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, पीसी जोशी, रोहित रूहेला, मुनीश कुमार, इंदर सिंह मनराल, योगेश सती, अनिल अग्रवाल खुलासा,रवि ,आसिफ ,चंद्रशेखर जोशी ,तुलसी छिम्बाल ,सरस्वती जोशी ,कौशल्या, कमला जोशी, सुमित्रा बिष्ट ,गोविंद सिंह बिष्ट ,तहसीन खान टी के, नवीन नैथानी, गोपाल असनोडा ,सुमित, रईस अहमद, शेर सिंह लटवाल ,पान सिंह नेगी ,सुनील पर्नवाल , प्रयाग दत्त तिवारी, शैलेश तिवारी , गणेश पंत आदि मौजूद रहे।

## उत्पीड़न के विरोध में पुतला फूंका



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय प्रबंधक मुख्यालय देहरादून द्वारा कर्मचारी संघ के आंदोलन में प्रतिभाग कर रहे कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक पश्चिम क्षेत्र रामनगर के कार्यालय परिसर में आरएम मुख्यालय, देहरादून के आदेशों की प्रतियां जलाई एवं उनका पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज किया।

उन्होंने आरएम पश्चिम क्षेत्र, रामनगर को एक ज्ञापन देकर उन्हें भी अवगत कराया कि आंदोलन में प्रतिभाग कर रहे कर्मचारियों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न किया जाता है तो पूरे पश्चिम क्षेत्र में कार्य बहिष्कार किया जाएगा।क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश भट्ट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नियमित एवं आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा आमडंडा प्रथम डिपो से लेकर क्षेत्रीय कार्यालय रामनगर तक जुलुस निकाला गया एवं सभा की गयी, जिसमें कर्मचारियों द्वारा आर एम, मुख्यालय देहरादून की गलत नीतियों का विरोध किया गया। इस दौरान चंद्रबलभ छिमवाल, बलदेव कंडारी, गोविंद मेहरा, सुनील चौहान, ज्ञान चंद्र शर्मा, जमनराम, भास्कर पपने, मदन बिष्ट, ललित तिवारी, दयाल बिष्ट, विद्या सागर, पूरन चंद्र, रमेश आर्य, विनोद टम्टा, आदि मौजूद रहे।

## द ऑक्सफोर्ड अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** द ऑक्सफोर्ड अकादमी में विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। प्रात:काल से ही विद्यार्थी अपने-अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए। परीक्षाफल जानने के लिए विद्यार्थियों व अभिभावकों के मुख पर उत्सुकता देखी जा सकती थी।




कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक रोहिताष बत्रा, प्रीति पपनेजा, स्नेह मिड्ढा एवं प्रधानाचार्य केएस नेगी ने सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रबन्ध समिति के सदस्यों एवं प्रधानाचार्य केएस नेगी द्वारा पदक, प्रमाण-पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही संपूर्ण सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य रोहिताश बत्रा, वैभव बत्रा, अमित जिन्दल, सुरेन्द्र मिड्ढा, प्रीति पपनेजा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## उत्कृष्ट उपलब्धि पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल ने बोर्ड परीक्षाओं में अपने छात्रों की असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों और प्रभावशाली खेल उपलब्धियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चित्रक मित्तल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बिलासपुर, उ.प्र.और सम्मानित अतिथि पुनीत मेहरा, निदेशक, स्पोर्ट्स अनलिमिटेड फाउंडेशन ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।




बोर्ड परीक्षाओं में स्कूल के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को वाइस चेयरमैन विकास बत्रा द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें स्कूल टॉपर: गोरिका चांदना (कक्षा-10)-96.6 प्रतिशत, संजना कोली (कक्षा 12 मान. विकी) - 95.2 प्रतिशत और यश रस्तोगी (कक्षा 12 विज्ञान) - 88.2 प्रतिशत हैं। होली चाइल्ड स्कूल के लिए इस ऐतिहासिक गौरवपूर्ण क्षण में, कक्षा 12 वाणिज्य की छात्रा श्रुति खुराना को जिला टॉपर के रूप में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए मुख्य अतिथि चित्रक मित्तलद्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्रुति ने अपनी बोर्ड परीक्षाओं वर्ष-2024 में प्रभावशाली 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। खेल उपलब्धियों में शिबेंदु दुबे (कक्षा-11) - मिनी गोल्फ, राष्ट्रीय स्तर, स्वर्ण पदक, शगुन सिंह (कक्षा 12) - एथलेटिक्स, राज्य स्तर, स्वर्ण पदक, मयंक सिंह मेहता (कक्षा-11) - मिनी गोल्फ, राष्ट्रीय स्तर, रजत पदक, युवराज बत्रा (कक्षा-9) - मिनी गोल्फ, राष्ट्रीय स्तर, कांस्य पदक, अलीशा सामंत (कक्षा-9) - खो-खो, राष्ट्रीय स्तर, कांस्य पदक सीबीएसई क्लस्टर (2024-25) में डिंपल (कक्षा 11) - मुक्केबाजी, राष्ट्रीय स्तर, स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, सुमन बत्रा, उपाध्यक्ष विकास बत्रा, प्रबंध निदेशक पूजा बत्रा, ईशिता बत्रा, प्रधानाचार्य एम दुबे, उप-प्रधानाचार्य (प्रशासन) प्रदीप जोशी तथा उप-प्रधानाचार्य (शैक्षणिक) मंजू अधिकारी भी इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्या की कामना की।

## सभासद रामेश्वरी के जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ वर्तमान सभासद रामेश्वरी का चुनाव रद्द करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** विहिप नेता यशपाल राजहंस के नेतृत्व में भाजपा नेता राजू वाल्मीकि के पुत्र ध्रुव ने अपने साथियों को साथ लेकर एसडीएम डा. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर सभासद रामेश्वरी निवासी वार्ड नंबर 13 राजीवनगर जाति प्रमाण-पत्र को साक्ष्यों छुपा कर बाजपुर तहसील से बनाया गया। जिसकी जांच कर प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की।

विहिप नेता यशपाल राजहंस ने बताया कि रामेश्वरी पुत्री हरप्रसाद निवासी वार्ड नंबर 13 राजीवनगर बाजपुर का विवाह मोतीराम पुत्र दुर्गादास जो कि बाजपुर उत्तराखण्ड के रहने वाले नहीं हैं से हुआ है। यह कि रामेश्वरी पत्नी मोतीराम के द्वारा बाजपुर से अपने नाम का जाति प्रमाण-पत्र 23-09-2024, महीपाल यादव और



युद्धवीर यादव पुत्रगण गिरवर के नाम की भूमि जिसका खाता संख्या 00942 खसरा नं.137 अ मि. रकवा 0.0090 हैक्ट. भूमि भौना इस्लामनगर बाजपुर की, जो कि मोतीराम पुत्र दुर्गादास ने वर्ष 2012 में खरीदी हैं और इस खरीदी गई भूमि की खतौनी के साथ अपूर्ण / गलत साक्ष्यों को लगाकर मिली भगत से सांठ गांठ करते हुए अवैध तरीके से बनवाया गया है। जाति प्रमाण-पत्र निरस्त कर चुनाव आयोग को भेजा जाए, जिस पर वर्तमान सभासद रामेश्वरी का चुनाव रद्द करने की कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रमोद राजहंस, देवेंद्र शर्मा, गौतम चुनारा, विकास कुमार, संजू, दीपक आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## श्री राम के नाम को पांव तले कुचलने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** श्रीराम फाइनेंस कंपनी की सीढ़ियों में श्री राम लिखें रहने एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के नाम को पांव तले कुचले जाने से आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और फाइनेंस कंपनी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की।



**तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को संबोधित ज्ञापन शिवसेना जिला उप प्रमुख राजकुमार गुप्ता की देखरेख में तहसीलदार वीरेंद्र सिंह साजवान को सौंपा गया। ज्ञापन में श्रीराम फाइनेंस कंपनी की सीढियों में श्री राम लिखे रहने और उस नाम को लोगों के पांवों तले कुचले जाने से हिंदूवादी संगठनों को आघात पहुंचाने का आरोप लगा लगाते हुए हुए फाइनेंस कंपनी के विरुद्ध उचित कार्य की मांग की है। ज्ञापन सपने वालों में विक्रम सिंह बिष्ट, हरिकिशन, अनीता, राधा,संजय, शोभित कठेरिया, बीना बीना मिश्रा, मोहनलाल, हर स्वरूप विश्वकर्मा, जयप्रकाश, किरण, विजय कुमार आदि थे।

## जिलाधिकारी ने किया कोषागार का वार्षिक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कोषागार का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक तालक व दो तालक में रखी बहुमूल्य वस्तुओं, सम्बन्धित पंजिकाओं, पैडलॉक पंजिका, स्टाम्प व अन्य पंजिकाओं का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी डा. पंकज कुमार शुक्ल, कोषाधिकारी धीरज तिवारी व स्टाफ मौजूद थे।

## चैत्र अमावस्या पर हजारों ने लगाई पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** शनिवार को उत्तर भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कि प्रबंधन कमेटी के तत्वावधान में चैत्र माह पर आयोजित अमावस्या पर्व पर सैकड़ों की संख्या में पहुंची संगत ने पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया। तत्पश्चात गुरुद्वारा श्री हरिमिन्दर साहिब दरबार में माथा टेक पवित्र पीपल साहब की परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण किया। अमावस्या पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे पंथ के प्रसिद्ध कथावाचक, रागी, ढाढी एवं कविश्वरी जत्थों के द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर संगत में अजैवघार, बाउली साहिब के दर्शन करने के उपरांत प्रसाद के रूप में गुरु का लंगर ग्रहण किया। यहां आयोजित अमावस्या मेले में लगी दुकानों से घर की जरूरत एवं साज सज्जा की सामग्री की जमकर खरीदारी की।

## भारी भरकर मशीनों से चीरा जा रहा नदी का सीना: यशपाल आर्य

■ नैनीताल, हरिद्वार, उधम सिंह नगर और देहरादून में पांच सालों तक सरकार इकट्ठा करेगी रॉयल्टी

■ शासन प्रशासन क्यों इन खनन माफियाओं के आगे नतमस्तक



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तराखंड के कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन गया है। जीरो करप्शन का नारा देने वाली भाजपा सरकार ऊपर से लेकर नीचे तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में अवैध खनन का मुद्दा उठाया, जिससे कांग्रेस द्वारा लगाए गए प्रदेश में शासन-प्रशासन की मिली भगत से धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन के आरोप की पुष्टि होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निरंतर इस बात को उठाती आ रही है कि उत्तराखंड में जीवनदायिनी नदिया अवैध खनन का शिकार हो रही हैं और भारी भरकर मशीनों से नदी का सीना चीरा जा रहा है। बड़ा सवाल यही है कि शासन प्रशासन क्यों इन खनन माफियाओं के आगे नतमस्तक है।

जब निमयवाली में नदियों में मशीनों से खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है, तो फिर प्रदेश में पोकलैंड मशीनों से यह अवैध खनन कैसे चल रहा है? कौन इनको संरक्षण दे रहा है। आखिर कहां सो रही है जीरो टॉलरेंस का दम भरने वाली भाजपा सरकार..? कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बागेश्वर जिले के कांडा क्षेत्र में अवैध खड़िया खनन के मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट का हस्तक्षेप इस बात को उजागर करता है कि भाजपा सरकार और प्रशासन किस हद तक भ्रष्टाचार और लापरवाही में डूबे हुए हैं।

पर्यावरणीय क्षति, घरों में आई दरारों और प्रभावित ग्रामीणों की पीड़ा के बावजूद भाजपा सरकार ने आंखें मूंदे रखीं। जनता के हितों की रक्षा करने के बजाय, अधिकारी कमीशन खाने और अपनी जिम्मेदारियों से बचने में व्यस्त रहे। हाईकोर्ट का खनन पर रोक जारी रखना और 160 खनन पट्टाधारकों को नोटिस जारी करना एक बड़ा कदम है।

## अधिवक्ताओं ने पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** अधिवक्ता हरीश शर्मा के साथ अभद्रता किए जाने मामले में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ आखिर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। इधर मुकदमा पंजीकृत होने के पश्चात अधिवक्ताओं ने कोतवाली पुलिस से निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की।



23 मार्च को जब एडवोकेट हरीश शर्मा अपनी पुत्री के साथ खटीमा रोड स्थित स्मार्ट पॉइंट मॉल में, सामान खरीदने के लिए गए थे और उन्होंने सामान खरीदने के बाद ऑनलाइन पेमेंट की थी, जिस विषय को लेकर स्मार्ट प्वाइंट के कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ता हरीश शर्मा तथा उनकी पुत्री के साथ अभद्रता की गई थी। जिसकी लिखित शिकायत थाना सितारगंज में दी गई थी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच किए जाने की बात कही है। अधिवक्ताओं ने पुलिस से बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच करने की मांग की। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष दयानंद सिंह, महेंद्र चौधरी, हरीश दुबे, हरीश शर्मा, अजय सिंह, एसके त्रिपाठी, रवि सक्सेना, मोहम्मद हनीफ, रमेश कांत प्रभाकर, रवि सागर, मनोरमा गुप्ता, राजवंत कौर, उर्मिला शर्मा, परविंदर कौर, मोहम्मद फैसल, फहीम पटौदी, पुरुषोत्तम, मंगल सिंह राणा, राहुल भारद्वाज, गोविंद कुमार, सपन सरकार, हरीश भट्ट आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

## नूरी मस्जिद में 27वीं शब को कुरान मुकम्मल

■ अमन-चैन की मांगी गई दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** मुकद्दस रमजान माह की नूरी मस्जिद में 27 वीं तरावीह की नमाज के दौरान मुकद्दस कुराने पाक मुकम्मल हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर दुनिया और आखिरत के लिए दुआ की। कुरान पाक बिना देखे पूरा सुनाने वाले एवं सुनने वाले दोनों हाफिजो को दो लाख सात हजार सात सौ छियासी रूपए देकर सम्मानित किया गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुकद्दस माह रमजान की 27 वीं तरावीह नमाज के दौरान मुकद्दस कुराने पाक मुकम्मल हुआ। 27 वीं तरावीह के मौके पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। नमाज के बाद पेश इमाम नूरी मस्जिद हाजी हाफिज शमशाद अहमद ने मुल्क में आपसी भाईचारे अमन शांति एवं देश की खुशहाली तरक्की की दुआ की। हाफिज मोहम्मद आसिफ रजा ने नाते मनकबत पेश कर माहौल को रुहानी बना दिया। मुकद्दस माह रमजान के चांद दिखाई देने के बाद शुरू हुई तरावीह नमाज में बिना देखे कुरान पाक पेश इमाम नूरी मस्जिद हाजी हाफिज शमशाद अहमद ने सुनाया तथा सैकड़ों लोगों के साथ हाफिज मोहम्मद आसिफ रजा ने सुना तथा मुकध्द्दस माह रमजान की 27 बीं शब को कुरान पाक मुकम्मल हुआ। इस उपलक्ष्य में दुरूद नात मनकबत तथा फातेहा ख्वानी हुई। अहले बस्ती एवं मस्जिद कमेटी की ओर से कुरान पाक सुनाने वाले पेश इमाम नूरी मस्जिद हाजी हाफिज शमशाद अहमद को नजराने के रूप में एक लाख सात हजार सात सौ छियासी रुपये तथा सुनने वाले हाफिज मोहम्मद आसिफ रजा को एक लाख सात सौ छियासी रुपये नजराना देकर एवं फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर

यहां हाजी सफी अहमद तुर्की एवं कमेटी मेम्बर मोहम्मद अनस, मोहम्मद सारिम तुर्की, मुबारक अली, मोहम्मद अली, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद कासिम, हाजी हुसैन शाह , हाजी पीर बक्श ,हाजी जलील अहमद सैफी, प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व सभासद नजाकत खान, फिरासत खान, अध्यापक अनवर सलीम, सफीक कुरैशी मुनीम जी, खतीब शेख, जाहिद हुसैन शेख, खालिद तुर्की, मोअज्जम तुर्की, सैयद हाकिम अली, सैयद शब्बू मियां,इसरार अली, शाकिर शेखघ, अरमान कुरैशी, हाजी लईक शेख, उस्मान कुरैशी ताहिर खा आदि थे।

## प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

■ कई अतिक्रमणकारियों का किया सामान जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में नेशनल हाईवे 309 रानीखेत रोड पर शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमणकारियों का सामान जप्त करने के साथ कई लोगों का चालान कर जुर्माना भी वसूला गया।

एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे,सीओ सुमित पांडे, एआरटीओ संदीप वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल के अलावा कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा लखनपुर चुंगी से यह अभियान शुरू किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई की भनक लगने के बाद कई अतिक्रमणकारी अपना सामान खुद



लेकर भागते हुए दिखाई दिए। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि अभियान के दौरान कई अतिक्रमण कार्यों का समान जप्त किया गया है और कई लोगों का चालान करने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, नगर पालिका परिषद के प्रभारी सफाई निरीक्षक लल्ला मियां आदि मौजूद रहे।



## जसपुर पुलिस ने दो वारंटी सहित तीन असामाजिक तत्व को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा वारंटियों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के आदेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा वारंटियों के घर पर दबिश देकर न्यायालय दित्तीय अपर सत्र एव जिला न्यायालय काशीपुर द्वारा जारी वारण्ट के चलते वारण्टी तालिब पुत्र पप्पू, शारुख पुत्र पप्पू निवासीगण नई बस्ती थाना जसपुर को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त सब्जी बेचने के आपसी विवाद को लेकर झगड़ा-फशाद करने वाले मो. सैफी पुत्र मो. उस्मान व मो. नईम पुत्र मो. उस्मान निवासीगण मोहल्ला छिपियान थाना जसपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर, थाने लाकर उचित हिदायत देकर 81 पुलिस एक्ट में चालान कर छोड़ा गया। पुलिस टीम में एसआई सुशील कुमार, ललित सिंह, का. राजकुमार , अनुज वर्मा, बबलू गोस्वामी, अब्दुल मलिक आदि मौजूद रहे।



## शेयर मार्केटिंग में मुनाफे का लालच देकर 38.55 लाख ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑन लाईन शेयर मार्केटिग ट्रेडिंग से मुनाफा कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति से 38.55 लाख रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।



दर्ज रिपोर्ट में देवीदत्त पुत्र कमलापति निवासी वैशाली कालोनी, काशीपुर ने कहा है कि उसके व्हाट्सएप मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सअप मैसेज आया जिसने अपना नाम शार्दुल जानी बताया तथा खुद को एबीएएनएस ब्रोकेज सर्विसेज प्रा- लि- ट्रेडिंग कम्पनी का प्रतिनिधि बताकर शेयर मार्केटिंग में इन्वेस्ट करने हेतु कहा गया। इस ग्रुप में अन्य लोग भी जॉइन थे। इनके द्वारा शुरू में लाभ हानि के बारे में जानकारी देकर अपने अपने प्रॉफिट के स्क्रीन शॉट शेयर किये जाते थे एवं निवेश हेतु चौटिंग के माध्यम से बोला जाता था। उससे एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराई गई। फिर आईडी बनायी गयी। जिसके माध्यम से एआई ट्रेडिंग, शेयर ट्रैडिंग, तथा आईपीओ की ट्रेनिंग की जाती थी जिसे खरीदने हेतु उसके द्वारा उक्त एप्लिकेशन में फ्लैश किये गये बैंक खातों पर उसके द्वारा अपने खातों से अलग-अलग तिथियों में कुल 38-55 लाख रुपये जमा किये। धनराशि जमा करने के पश्चात जब प्रॉफिट चार्ट पर काफी धनराशि देखी तो उसके द्वारा विड्राल लगाया गया तो मुझे विड्राल नहीं करने दिया। तक उसे ठगी होने का एहसास हुआ। देवी दत्त का कहना है कि 29 जनवरी 2025 से 18 मार्च 2025 तक विभिन्न बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग धनराशि जमा कराई गई। जिससे कुल 38,55,000 रुपये की धनराशि का नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विकास खंड कैंपस में जरूरतमंदों के पीने को एक बूंद पानी भी नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** 62 ग्राम सभाओं सहित जन सरोकार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विभागों वाले विकासखंड कैंपस में जरूरतमंदों को एक बूंद पानी में मयसर नहीं है।



ब्लॉक कैंपस में एक आरओ लगा है, लेकिन उनका बिजली व पानी की लाइन से कनेक्शन नहीं है। यहां आने वाले प्रत्येक जरूरतमंद को पानी पीने के लिए हैंडपंप अथवा सार्वजनिक पोस्ट तलाशना पड़ता है। पानी नहीं मिलने पर दुकानों से पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। प्रतिदिन सैकड़ों लोगों के संपर्क वाले विकासखंड कैंपस में पीने के पानी की दुर्लभता से आम ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सरकारी विभागों के कर्मचारी आहत हैं। विकासखंड कैंपस में राष्ट्र की सात महान विभूतियों के करोड़ों के आदमकद मूर्तियां, 110 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज, अशोक स्तंभ, सहायक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, बाल विकास परियोजना, महिला क्लस्टर, वीडियो कार्यालय, ग्रामीण निर्माण विकास कार्यालय, 62 ग्राम सभाओं व 40 क्षेत्र समिति के जनप्रतिनिधि संपर्क रखते हैं। विकासखंड में खटीमा एवं नानकमत्ता विधायकों की विधायक निधि तथा क्षेत्र पंचायत निधि के विकास कार्य संपन्न कराए जाते हैं, लेकिन मौसम में गर्मी का इजाफा होने के बाद भी यहां जलापूर्ति की व्यवस्था ठप्प पड़ी है।

वहीं विकास खंड कैंपस में पेयजल आपूर्ति के संबंध में खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह कन्याल बताते हैं कि इसके लिए हैंडपंप लगाया जा रहा है। इसके अलावा पेयजल निगम को भी लिखित पत्र भेजा गया है। पेयजल निगम द्वारा शीघ्र पाइप लाइन बिछाकर जलापूर्ति का आश्वासन दिया है।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# दो सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन की मौत

- घायल पांच लोगों को हायर सेंटर किया गया रेफर
- पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** दो सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घायल हुए पांच लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

नगर के बाईपास स्थित दरऊ चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार दंपत्ति को जबरदस्त टक्कर मार दी तथा डंपर चालक हड़बड़ी में स्कूटी सवार दंपति को दूर तक रौंदते ले गया। हल्ला होने पर कुछ दूरी पर जाकर डंपर छोड़ कर चालक फरार हो गया। जिससे स्कूटी सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को सरकारी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को घटना की सूचना देते हुए शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार मृतक मोहन सिंह बिष्ट निवासी शांतिपुरी नंबर 3 अपनी पत्नी उमा बिष्ट के साथ स्कूटी पर सवार होकर दरऊ की ओर से आ रहे थे तथा अपने गांव शांतिपुरी को ओर जा रहे थे की दरऊ चौराहे तेज रफ्तार डंपर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पुलभट्टा थाना क्षेत्र के सितारगंज मार्ग पर स्थित शंकर फार्म के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार टाटा एस गाड़ी ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी तथा अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक को भी टक्कर मार दी। बाइक सवार अंबा प्रसाद और गिरीश घायल हो गए। जबकि ई रिक्शा चालक नन्हे शाह और उसमें सवार पूजा, कौशल्या भी घायल हो गई। आनन-फानन में पांचों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बाइक सवार अंबा प्रसाद निवासी बहेड़ी बरेली उत्तर प्रदेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि ई रिक्शा चालक नन्हे शाह को गंभीर हालत के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज सरकारी चिकित्सालय में चल रहा है। दो दुर्घटनाओं की सूचना एवं एक महिला सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत की सूचना पर एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी पुलिस बल के साथ के साथ चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों को हायर सेंटर रेफर कराया तथा घायल एवं मृतकों के परिजनों से बातचीत करते हुए ढांढस बधाया।

सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होने एवं पांच लोगों के घायल होने से क्षेत्र में दहशत का वातावरण हो गया तथा मृतकों के परिजनों का विलाप से लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं कांग्रेसी विधायक तिलकराज बेहड़ भी सरकारी चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों को हायर सेंटर पहुंचाने में मदद की तथा मृतकों के परिजनों को ढांढसा बंधाते हुए दुर्घटनाओं के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

# आवारा पशु को बचाने के चलते कार पेड़ से टकराई, दो महिलाओं की मौत

- पूर्णागिरि श्रद्धालुओं का वाहन हादसे का शिकार, दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** फरूखाबाद से पूर्णागिरि दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें दो महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गई।हादसे के बाद श्रद्धालुओं में कोहराम मच गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए और घटना की सूचना सत्रह मील पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 वाहन से जिला अस्पताल पीलीभीत में भर्ती कराया। उपचार के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई।

हादसे का समय रात 2, बजे दिन शनिवार फरुखाबाद से पूर्णागिरि माता के दर्शन करने जा रहे हैं। श्रद्धालुओं से भरी एक्सयूवी कार कलेक्टर फार्म पोलीगंज के बीच पहुंची ही थी कि अचानक गाड़ी के सामने आवारा पशु गया जिसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर अंकुर कुमार पुत्र जोगेंद्र सिंह गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा और एक्सयूवी कार संख्या यूपी 76वाई,0777 पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त हुआ कि गाड़ी के आगे के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। घटना के समय गाड़ी में एक ही परिवार के कुल सात लोग सहित एक आठ माह की बच्ची अनन्या सवार थे। श्रद्धालुओं की चीज बुखार सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए और घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस की सहायता से घायलों को 108 वाहन से जिला अस्पताल पीलीभीत में भर्ती कराया। इलाज के दौरान खोटबन्दी कुइयां बरखा दरवाजा जिला फरुखाबाद निवासी पुष्पा देवी पत्नी अजय पाल आयु 61 तथा रत्नेश पत्नी जोगेंद्र सिंह 38 की मौत हो गई।

चालक अंकुर कुमार पुत्र जोगेंद्र सिंह, मुन्नी देवी पत्नी अंकुर कुमार, जोगिंदर सिंह पुत्र रामपाल आयु 49, नबिया राठौर पुत्र जोगेंद्र सिंह आदि लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल पीलीभीत में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के समय मौके पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, सहायक एसआई पूर्ण चन्द्र पांडेय, कांस्टेबल विपिन कुमार, त्रिभुवन पडलिया आदि थे।

# नवरात्र पर नगर निगम करेगा मंदिरों की विशेष सजावटः विकास शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के पर इस बार रुद्रपुर के प्रमुख मंदिर आकर्षक रोशनी से जगमगाएंगे। नगर निगम ने इसके लिए विशेष इंतजाम किए हैं। महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर मंदिरों की साफ-सफाई के साथ ही आकर्षक लाईटें भी लगाई जा रही हैं।

महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम की ओर से इस बार चैत्र नवरात्र पर शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरात्र को देखते हुए मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ ही आकर्षक लाईटें भी लगाई जा रही हैं। नगर में स्थित अटरिया माता मंदिर, पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर, गल्ला मण्डी स्थित श्री श्याम मंदिर, रम्पुरा स्थित 84 घंटा मंदिर, सिडकुल स्थित वन शक्ति मंदिर, शैलजा कॉलोनी स्थित नीलकण्ठ मंदिर और आवास विकास स्थित शिव शक्ति मंदिर के अंदर और बाहर मार्ग में भी आकर्षक लाईटों से सजावट की जाएगी। इन मंदिरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- विद्यालय में हुआ सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** पीएम श्री राजकीय इन्टर कॉलेज में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तीर्ण बच्चों को परीक्षाफल वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभासद रवि रस्तोगी सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि रवि रस्तोगी ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता का अर्थ है, समुदाय के लोगों को किसी परियोजना, कार्यक्रम या गतिविधि में शामिल करना ताकि वे उस पर अपना प्रभाव डाल सकें और उससे लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बच्चे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें तभी वह आगे बढ़कर उच्च मार्ग हासिल कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों को परीक्षा फल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य रविंद्र पाठक ने कहा कि समय-समय पर अभिभावकों को भी विद्यालय में आना चाहिए जिससे बच्चों बच्चों का मनोबल और ऊंचा होता है। इस दौरान मुख्य अतिथि सभासद रवि रस्तोगी का विद्यालय परिवार द्वारा साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र पाठक, बीपी वर्मा, चंदन डसीला, धर्मेंद्र नाथ चौबे, पूर्व शिक्षक कांता प्रसाद शुक्ला, राजपाल आदि मौजूद थे।

# महाविद्यालय में ईडीपी कार्यशाला छठे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनबी पीजी कॉलेज के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत 12 दिवसीय ईडीपी (आंत्रोंप्रोंन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम) कार्यशाला के छठे दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो.डॉ. आशुतोष कुमार ने पंचम दिवस के प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन अपने संबोधन से किया। नोडल अधिकारी डॉ. हरेंद्र मोहन सिंह ने बताया कि प्रशिक्षक मनीष आर्य द्वारा प्रशिक्षुओं को डीपीआर प्रोडक्ट कॉस्टिंग, सोशल मीडिया एवं एमएसएमई से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं को देवभूमि उद्यमिता योजना संबंधी बुकलेट्स का भी वितरण किया गया। इस कार्यशाला में 12 दिनों तक प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप, बिजनेस आइडियाज एवं स्वरोजगार स्थापना संबंधी महत्वपूर्ण विषयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना में अहमदाबाद का प्रतिष्ठित ईडीआईआई संस्थान विशेष सहयोग कर रहा है।

## एक नजर

# विकासखंड धारचूला में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशासक धारचूला धन सिंह धामी की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशासक ब्लॉक धन सिंह धामी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि थापा एवं अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर जन सेवा शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी धारचूला मनजीत सिंह एवं खंड विकास अधिकारी धारचूला द्वारा उनको बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। प्रशासक धारचूला धामी ने तीन वर्षों में सरकार द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न समस्याओं को विभाग के समक्ष रखा। शिविर में उठाई गयी विभिन्न समस्याओं को उपजिलाधिकारी धारचूला द्वारा शीघ्र निराकरण के निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए गए। शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा,जल मिशन सड़क मुआवजा मनरेगा को लेकर अपनी समस्या बताई। शिविर में प्रवेश सिंह नबियाल, मनोज नगनयाल, शशि थापा, भूपेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंह गुंज्याल, केशर सिंह धामी, प्रवेश सिंह नबियाल, स्थानीय जनता आदि उपस्थित रहे।




# यशपाल आर्य ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा बरहैनी एकलव्य आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए बरहैंनी, हरिपुरा आदि में विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकोपण किया। नेता प्रतिपक्ष के साथ पेयजल विभाग की जनरल मैनेजर मुर्दला और बाजपुर एसडीएम डा. अमृता शर्मा मौजूद रहे।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चल रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर जगह-जगह गुणवत्ता की जांच की। यशपाल आर्य ने कहा कि जनजाति समाज के बच्चों के लिए विद्यालय बनाया जा रहा है और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्राम सभा जबरान, हरिपुरा में गुरुद्वारा का 500000 की धनराशि के विकास कार्यों का शिलान्यास, ग्राम सभा हरिपुरा में देवी मंदिर के लिए 3.5 लाख की घोषणा जबरन गुरुद्वारे के लिए ढाई लाख की घोषणा ग्राम सभा बरहेनी में सात लाख 90 हजार की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ग्राम सभा दिहयोरी मंदिर मे पहुंचकर माता रानी कहां आशीर्वाद दिया और नमूना अजीमुला भूड़ी में थान देवी मंदिर के लिए 2.5 लाख रुपये की घोषणा की। यहां हरेंद्र सिंह लाडी, डीके जोशी, पवन शर्मा, अनिल सैन, शेर सिंह, वीर सिंह, मोहन सिंह, रामपाल सिंह, पंचम सिंह, प्रमोद जोशी, नवीन चंदोला, शांति नगरकोटी, फूल सिंह, राजू सिंह, इंदर सिंह, सोमल सिंह, सुखवंत सिंह, सागर, डा. केपी सिंह, रविंद्र सिंह, बृजेश यादव, लखपत सिंह आदि उपस्थित रहे।



# वार्षिक परीक्षा में ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

- विद्यालय प्रशासन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्रीनवुड सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया गया। इस दौरान भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रशासन द्वारा पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया।

इस अवसर विद्यालय के पूर्व छात्र डा आशुतोष मिश्रा एवं विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह बिष्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा पढ़ाई के साथ-साथ ओवरआल परफॉरमेंस, यूनिफार्म, उपस्थिति, खेलकूद, कला आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्म्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक गोपाल सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य डा. पुनीत गोयल, इश्तियाक अहमद मलिक, को-आर्डिनेटर मुकेश चन्द्र पन्त, रवि कुमार अग्रवाल, शालिनी गर्ग, सुनीता गोयल, रजविंदर कौर, कमल जोशी, रजनीश कुमार, प्रमोद कुमार मलकानी, आशीष सक्सेना, भूदेव सिंह, कविता बसनाल, निलोशी गोयल, पवन राणा, शालिनी गुप्ता, फरहा मलिक, सोनल जायसवाल, पंकजा मिश्रा, लवली प्रजापति, शिवा, सुरभि सिंह, आकांशा सक्सेना, दीपशिखा भट्ट आदि मौजूद थे।

# जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को विकासभवन सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त प्रमुख नदियों के संरक्षण के लिए एवं प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया रोक लगाने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट के अलावा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई स

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला गंगा समिति के अधिकारियों से चर्चा करते हुए वर्तमान में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही जनपद के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नदियों में दूषित जल, अपशिष्ट कचरा तथा अन्य प्रकार की गंदगी प्रवाहित करने पर रोक लगाने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक में अब तक चालान के तहत की कई गई कार्यवाही की जानकारी ली। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आईटीबीपी एवं सीमा पुलिस बल के अधिकारियों से एसटीपी टैंक तथा वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट निर्माण के संबंध में जानक. ारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान एसडीओ राज कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम आर एस धरमस्कतु, ईओ नगर निगम राजदेव जायसी, डीपीओ नमामि गंगे ज्योत्सना जोशी, आईटीबीपी, एसएसबी के अलावा उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# मेधावियों का किया सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राउमावि खूनाबोरा में प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय की अध्यक्षता तथा परीक्षा प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया।

विद्यालय टॉपर सृष्टि माहरा सहित प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। परीक्षा प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने गीता का उद्धरण देकर सभी छात्र-छात्राओं को निष्काम भाव से कर्म करने हेतु प्रेरित किया और भविष्य में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय और एसएमसी अध्यक्ष भावना देवी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि दिन रात मेहनत कर बच्चे और बेहतर परिणाम प्राप्त करें।

इस मौके पर सुरेन्द्र लाल, कैलाश गहतोड़ी,नवीन जोशी, राजेश्वरी जुकरिया, मीरा पंत, कमला जोशी आदि उपस्थित थे।

# विजडम स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विजडम पब्लिक सीनियर सेकण्ड्री स्कूल गंगापुर रोड़ रुद्रपुर का कक्षा नर्सरी से तीन तक वार्षिक परीक्षाफल-2025 विद्यालय परिसर में घोषित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मदयाल ने वार्षिक परीक्षाफल की आख्या सभी अभिभावकों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय का वर्ष 2025 का वार्षिक परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्रओं तथा उपस्थित अभिभावकों को बधाई दी और कक्षा में उच्च श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में कक्षावार उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा-नर्सरी-सौरभ पाठक प्रथम्, रिपांशी द्वितीय, माधव जल्होत्रा, तृतीय, एलकेजी अर्पिता आर्या, प्रथम, सारस नारंग, द्वितीय, कामया पलडिया, तृतीय, यूकेजी ए. आराध्या अधिकारी प्रथम, आराध्या और पीहू राना द्वितीय, नवनीत कुमार सिंह तृतीय, यूकेजी बी से सूर्या प्रताप प्रथम, ओमिका तिवारी द्वितीय, अभिमन्यु तृतीय, कक्षा-1-ए यश प्रथम, अंशिका रावत द्वितीय, देवान्श तृतीय, कक्षा-1-बी से पलक प्रथम, चेतना पाण्डेय द्वितीय, कृष्णा गोस्वामी तृतीय, कक्षा-2 से श्रेयांश मिश्रा प्रथम, कार्तिक द्वितीय, जीत मण्डल तृतीय, कक्षा-3-ए से कृष्णा गोलदार प्रथम, सृष्टि द्वितीय, रोनित खम्पा तृतीय, कक्षा-3-बी से हर्षित प्रथम, आशुतोष गोस्वामी द्वितीय, समीक्षा यादव तृतीय ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा चन्द और साक्षी शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका उषा मिश्रा, नरेन्द्र सिंह रावत, महेन्द्र कुमार भारद्वाज, प्रीती नयाल, देव मण्डल, अजय मिश्रा, पूनम आर्या, प्रियंका पंत, रेनु गंग. वार, अंजली रावत, गीता अधिकारी, टीना दास, मंजू नेगी, नीरू अधिकारी, रेनु जोशी, प्रेमलता सिंह, प्रियंका गोस्वामी, ममता चिलवाल आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं ने विशेष योगदान दिया।




# दो के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ने टीम के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए दो विद्युत चोरों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग की सतर्कता टीम ने ग्राम कल्याणपुर में विद्युत चोरी को छापा मार कार्रवाई की टीम ने ग्राम डीयूढी मोड कल्यान प्रथम निवासी अब्दुल सत्तार पुत्र छोटे व अजीत सिंह पुत्र मक्खन सिंह के यहां छापा मार कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी पकड़ी। टीम ने दोनों के विरुद्ध धारा 135 के तहत अभियोग दर्ज कराया है। छापामार कार्रवाई में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सितारगंज आलोक सचन, अवर अभियंता नीरज कुमार व विद्युत कर्मचारी भोपाल सिंह शामिल है।




# शिक्षक की उल्लेखनीय सेवाओं को लेकर विदाई देते हुए सभी की आंखें हो गई नम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** किसी शिक्षक के सेवानिवृत होने की बेला में उनके उल्लेखनीय कार्य व्यवहार को देखकर जब सभी छात्र-छात्राओं व स्वयं शिक्षकों की आंखें नम हो जाती हों, तो समझ जाना चाहिए कि उस शिक्षक का अपने छात्रों के लिए कितना समर्पण का भाव रहा होगा, जिनके अभाव की कमी सभी को झकझोर रही थी। यह नजारा जीआईसी जानकीधार का है, जब राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अंग्रेजी प्रवक्ता एवं प्रभारी प्रधानाचार्य नरेश चंद्र राय के सेवानिवृत होने के अवसर पर देखने को मिला। खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम भट्ट की अध्यक्षता एवं शिक्षक चंद्रलाल साह के संचालन में हुए समारोह में वक्ताओं का कहना था कि श्री राय ऐसे शिक्षक रहे हैं जिन्होंने पूर्ण अनुशासन में रहते हुए अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए अपने को पूरी तरह समर्पित किया हुआ था। अपने प्रति दिल की गहराइयों से सम्मान व्यक्त करने के प्रति आभार प्रकट करते हुए श्री राय ने कहा कि समाज में शिक्षक का अपना विशेष स्थान होता है। हर व्यक्ति के जीवन को तराशने में शिक्षक की ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र कॉलोनी, शोभा बिष्ट, जीवन मेहता, दीपक जोशी, मोहन गहतोड़ी, गणेश पुनेठा, भारती राय, जितेंद्र राय, भास्कर राय, मनोज कापड़ी, हरीश कापड़ी, गणेश बिष्ट आदि ने अपने उद्गार व्यक्त किए।




# नशेड़ी युवक ने घर में घुसकर पड़ोसी परिजनों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एक नशेड़ी युवक ने नशे की हालत में अपने पड़ोसी के घर में घुसकर पड़ोसी परिवार के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीरूमदारा वेनीविहार निवासी हीरा बल्लभ खन्तवाल (हरीश खन्तवाल) ने पुलिस की तहरीर में बताया कि शाम वह अपने घर में परिवार के साथ बैठे थे। इसी बीच शराब व स्मैक का नशा करने वाला पिन्टू निवासी बेनी विहार नशे ही हालत में मेरे घर में घुस आया। जिसके बाद उसने गाली गलौच करते हुए मेरे, मेरी पत्नी और मेरी पुत्रियों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराब के बाद पड़ौसियों के इकट्ठा होने पर यह हमें जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। इससे हमें जानमाल का खतरा बना हुआ है। आरोपी की मेडिकल जांच करवाकर उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए।मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सात दिवसीय भागवत कथा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम की संस्थापक ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पटौदी आश्रम से महामंडेलश्वर धर्मदेव महाराज , गीता आश्रम ऋषिकेश से महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज, अनंत प्रेम आश्रम से निष्ठानंद बाई, मनकामनेश्वर आश्रम से नारायण चैतन्य महाराज , बालाजी मंदिर से महंत मनीष सलूजा, पांच मंदिर के शास्त्री जी ने प्रवचन कर संगत को निहाल किया व वैष्णो भजन मंडल के भक्तों ने भी भजनों की श्रृंखला से गुरु महाराज को बधाई दी व आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी धर्मदेव देव में कहा पूज्यनीय स्वर्ग फार्म देगी ने अपना किरदार ऐसे निभाया कि उनके शरीर रूप में रहते हुए भी तालिया बजती रही और सदियों तक उनके किए हुए कार्यों के लिए उनको सदैव याद करा जाएगा और आगे भी ऐसे ही मेले लगे रहेंगे। निष्ठानंद बाई ने कहा माता का प्यार सबको सदैव मिलता रहा है और वो एक स्पष्ट वक्ता थी जो समाज में अपनी बात बहुत सही ढंग से रखती थी और उनके आशीर्वाद से लाखों भक्तों का उद्धार हुआ है और होता रहेगा। यहां महंत मनीष सलूजार, विधायक शिव अरोड़ा, राजकुमार चुग, भानु चुग, चमन लाल चुग,अशोक कालरा, अशोक अदलखा, राजीव अनेजा, हरीश गुंबर,जगदीश ठुकराल, शम्मी, गुलशन बटला, महंत श्याम खुराना, सतनाम सिंह, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, अरविंद मिश्रा, नरेश घई, जीतू, अशोक, लक्ष्य शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## विश्वासघात

विश्वासघात करके दुखी मत हो मानव, यहां तो गद्दारों की भी बरसी मनाई जाती है।

जहां विरोधी हो हमारे वहां हम नहीं जाते, क्योंकि इज्जत और दुनियां पैसों से नहीं, उसूलों पे कमाई जाती है।



(विश्वजीत सिंह बाठ)

# कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिंह नगर द्वारा जनपद में नशे/ ड्रग्स/मादक पदार्थ / कच्ची शराब की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में टांडा प्रभापुर रोड गुजरों के डेरे को जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति को एक प्लास्टिक कट्टे में 45 पाउच लगभग 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । पकड़े गए अभियुक्त का नाम रमेश सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी कालिया वाला थाना जसपुर है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मालिक, उप निरीक्षक हरीश आर्य, हे.का. नवीन प्रकाश, कां. दयालु राम आदि मौजूद रहे।

# एनइपी के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

## नैनीताल: कुमाऊं विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र यूजीसी-एमएमटीटीसी के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यशाला का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। दो दिवसीय इस कार्यशाला में देश भर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और प्रशासकों ने भाग लिया और शिक्षण पद्धतियों तथा अकादमिक नेतृत्व और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव प्रो. मनीष आर जोशी ने कार्यशाला के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और शैक्षिक नेतृत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डा. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों के निदेशकों और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में डा. मीनाक्षी रावत (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की) ने कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति और वित्तीय प्रबंधन पर प्रस्तुति दी। उन्होंने शिक्षकों में शैक्षिक नेतृत्व के गुणों को विकसित करने और अनुभवात्मक शिक्षण, क्षेत्रीय भ्रमण और परिसर अवगाहन कार्यक्रमों जैसी पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर प्रो. अतीक शेख (भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू) ने सत्र में शिक्षकों के नेतृत्व कौशल, संघर्ष समाधान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 के अनुरूप शिक्षण कार्य में नवाचारों पर चर्चा की। डा. आर सुजाता (बाधवानी फाउंडेशन) ने उच्च शिक्षा में उद्यमिता विकास विषय पर एक प्रेरणादायक सत्र प्रस्तुत किया। जबकि प्रो. भीमराया मेत्री (निदेशक भारतीय प्रबंधन संस्थान नागपुर) ने शिक्षण संस्थानों में नेतृत्व की विविध भूमिकाओं पर व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में प्रो. आनंद वर्धन शर्मा (निदेशक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) ने वित्तीय और प्रशासनिक आंकलन प्रस्तुत किया और संरचनात्मक और संसाधन संबंधी चुनौतियों को रेखांकित किया, जबकि डा. शिवानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों का उपयोग करते हुए ऑनलाइन कार्यक्रमों के संचालन में नवाचारों पर चर्चा की। अंत में डा. दिव्या उपाध्याय जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कार्यशाला के समापन की घोषणा की। कार्यशाला का संचालन डा. रीतेश साह द्वारा किया गया। कार्यशाला में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भाग लिया जिनमें प्रो. गीता सिंह (दिल्ली), प्रो. शेफाली नागपाल (सोनीपत), प्रो. फैजा अब्बासी (अलीगढ़), प्रो. जयंती दत्ता (चंडीगढ़), प्रो. नज़ीर अहमद (कश्मीर), प्रो. संदीप पंडिता (जम्मू), प्रो. देशराज ठाकुर व प्रो. मोना खरे, प्रो. नीपा, प्रो. अमिता (इग्नू) सहित शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### शैक्षिक दल को पौधों के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में राजा हरपाल सिंह पीजी कॉलेज सिंगरामऊ (जौनपुर) के एमएससी तथा बीएससी के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत आए शैक्षिक दल को वनस्पति विज्ञान विभाग के पौधे जिनको जूनिपर पटवा सहित पेरिस पालीफैला सहित महत्वपूर्ण जानक. री विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने दी। प्रो. तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में 701 औषधीय पौधे हैं तथा तराई में 300 औषधीय टी पौधे मिलते हैं। प्रो. तिवारी ने हर्बेरियम सहित अन्य पुत्तलों से भी दल को परिचित कराया तथा दल से कहा कि वे प्रकृति के संरक्षण के प्रति तथा सतत विकास में अपना योगदान दें। विद्यार्थी के दल ने हर्बेरियम सहित फ्लोरा तथा नैनीताल फ्लोरा की जानकारी हासिल की। भ्रमण दल में 40 विद्यार्थी सहित डा. मिश्रा, डा. संदीप कुमार, आनंद कुमार, विशाल बिष्ट व अदिति जोशी शामिल रहे।

### लॉगिंग मैनेजर व खनन अधिकारी को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तराखंड वन विकास निगम से खनन सामग्री खरीदने वाले महबूब खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रांजिट परमिट जारी न करने पर वन विकास निगम के जिला लॉगिंग मैनेजर और खनन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हल्द्वानी निवासी महबूब खान का कहना है कि खनन सामग्री खरीद किए छह महीने हो चुके हैं, लेकिन न तो लॉगिंग मैनेजर और न ही नैनीताल के खनन अधिकारी ट्रांजिट परमिट जारी किया। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने अधिकारियों से जवाब को टालटोल वाला बताते हुए अधिकारियों को ट्रांजिट पास जारी न करने के लिए छह महीने की अवधि को उचित ठहराने का शपथपत्र के साथ दो अप्रैल तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा है कि यदि शपथपत्र के माध्यम से जवाब संतोषजनक नहीं होने पर दोनों अधिकारियों को खनन सामग्री की लागत और मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश क्यों ना दिया जाए।

### स्कूली बच्चों को रिक्शा किराए में छूट की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सभासद गजाला कमाल ने स्कूली बच्चों को माल रोड में ई-रिक्शा के किराए में छूट देने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिक. री को ज्ञापन सौंपा है। सभासद गजाला कमाल का कहना है कि पिछले साल लोगों की सुविधा को देखते हुए ई-रिक्शा का संचालन शुरू किया गया था। रिक्शे के किराए में भी वृद्धि कर 10 से बढ़ाकर 15 रुपए प्रति सवारी किया गया था। कहा कि जनहित और स्कूली बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्कूल समय पर आवागमन के लिए छात्र-छात्राओं के पहचान पत्र और स्कूली यूनिफार्म के आधार पर निर्धारित किराए मे छूट प्रदान कर 10 रुपए लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने मामले को लेकर पालिकाध्यक्ष व पालिका के ईओ को भी ज्ञापन सौपा है।

# अस्थाई पार्किंगों का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** व्यवस्थाएं जुटाने से पहले ही प्रशासन की ओर से अस्थाई पार्किंगों का संचालन शुरू करा दिया है लेकिन रूसी बाईपास पार्किंग स्थल पर नाली का




काम होने के चलते सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं, वहीं अस्थाई पार्किंग स्थलों पर प्रशासन मूलभूत सुविधाएं तक नहीं जुटा पाया है। बता दें कि शुक्रवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की ओर से पर्यटन सीजन को लेकर बैठक कर अस्थाई पार्किंग स्थलों को सक्रीय करने व शटल चलाने के निर्देश दे दिए। जिसके चलते शनिवार को पुलिस ने अस्थाई पार्किंग स्थल रूसी बाइपास व नारायण नगर में मोर्चा संभाल लिया है। लेकिन अस्थाई पार्किंग स्थलों पर प्रशासन मूलभूत सुविधाएं नहीं जुटा पाया। जिसके चलते वहां ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर रूसी बाइपास में सड़क किनारे नाली का काम होने के चलते भी सड़क पर मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं, वहीं बिजली तथा पानी की व्यवस्था नहीं है। यही नहीं रूसी टू में बने शौचालयों की भी हालत खराब है। मामले में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही सभी अव्यवस्थाओं को दूरुस्त कर लिया जाएगा।

### रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित विकासखंड कनालीछीना के छात्र-छात्राओं का रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण सातवें दिन यानी शनिवार को भी जारी रहा। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने प्रात: काल उल्का देवी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। उसके बाद प्रार्थना राष्ट्रगान हिमालय शपथ लेने के बाद गुरना देवी मंदिर परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया। छात्र-छात्राओं ने नदी रेस्क्यू के तहत क्लिप जंप फ्लिप रिफिलिप घाट से चमगाड तक सरयू नदी में रिवर रन किया। प्रशिक्षण राजेंद्र सिंह, पद्म सिंह तथा वेद प्रकाश द्वारा दिया जा रहा है।

# वादी को भुगतान करे कम्पनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नैनीताल ने जनरल इंश्योरेंस बीमा कंपनी को वादी के वाहन रिपेयरिंग में हुए खर्च रु.1.75 लाख का भुगतान तथा मानसिक वेदना के 10 हजार व वाद व्यय का 5 हजार का भुगतान भी डेढ़ माह के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। यह वाद रजत जोशी पुत्र कृपाल दत्त जोशी निवासी मुखानी हल्द्वानी द्वारा जनरल इंश्योरेंस बीमा कंपनी के खिलाफ दर्ज कराया था। रजत जोशी के अनुसार उन्होंने स्वराज माजदा ट्रक का जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था। यह ट्रक 27 अप्रैल 2022 को रामपुर रोड हल्द्वानी में दुर्घटना ग्रस्त हो गया लेकिन बीमा कम्पनी ने ट्रक की मरम्मत नहीं की, जिसमें करीब पौने दो लाख रुपये खर्च हुए थे, जिसके खिलाफ उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष वाद दायर किया, जिसमें सेवाओं में लापरवाही और अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप लगाया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमेश जायसवाल व सदस्य विजय लक्ष्मी थापा ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और साक्ष्यों के आधार पर पाया कि सेवा प्रदाता कंपनी, उपभोक्ता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में कि ल रही। आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया कि वह परिवादी को वाहन रिपेयरिंग में हुए खर्च का डेढ़ माह के भीतर भुगतान करे साथ ही 10 हजार रुपये मानसिक वेदना व 5 हजार रुपये परिवाद व्यय का भी भुगतान करे। मामले में वाद दायरकर्ता जोशी की ओर से अधिवक्ताओं क्रमश: ललित रावत, मो. तसलीम व तमन्ना हनीफ ने पैरवी की।

# नोटिस मिलने पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बीते दिनों नगर पालिका परिषद के रिटायर्ड कर्मचारियों को



पालिका द्वारा दिए गए आवास खाली किए जाने और घरों का किराया जमा किए जाने के नोटिस और कार्यवाही का अब नगर पालिका कर्मचारी विरा. ेध करने लगे हैं। बता दें कि शनिवार को उत्तराखंड देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और पालिका कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल का घेराव कर पालिका के फैसले का विरोध किया। सफाई कर्मचारी संघ के महासचिव साने सहदेव का कहना है पालिका के वर्तमान कर्मचारी और रिटायर्ड कर्मचारी करीब तीन पीढ़ियां से इन घरों में रह रहे हैं लिहाजा नगर पालि. का के आवासों में रह रहे अन्य विभागों के कर्मचारियों की तर्ज पर पालिका के कर्मचारियों से न्यूनतम किराया लिया जाए। सफाई कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष को चेता. वनी दी है। अगर कर्मचारियों की उचित मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो कर्मचारी आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। नगर पालिका कर्मचारियों को दिए जा रहे नोटिस के बाद पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बताया कर्मचारियों को दिए जा रहे नोटिस का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत किए जाने के लिए किराए में आवंटित अवसान का क्षेक्र ल के आधार पर किराए वृद्धि की जाएगी, जिससे कर्मचारियों पर बोझ नहीं पड़ेगा और पालिका की स्थिति भी मजबूत होगी। इस दौरान उपाध्यक्ष कमल कुमार, उप सचिव विक्की सिलेलान समेत अमित सहदेव, कमल कटियार, दिनेश रत्नाकर, मनीष कुमार, राहुल चौहान, श्याम सौदा, मनोज कुमार, संजय भगत तथा राजन हवलदार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ईद मनाने पहाड़ की ओर नहीं जा पाएंगे दो पहिया सवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवरात्रि और ईद को देखते हुए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। जिसके तहत 31 मार्च से 2 अप्रैल तक पर्यटक वाहन शहर के भीतर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ऐसे वाहनों को शहर के बाहरी मार्गों से होकर आना और जाना होगा। भारी वाहन और आवश्य सेवा से जुड़े वाहन भी तय समय के भीतर ही चल सकेंगे। तीन दिवसीय डायवर्जन प्लान सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। भारी वाहनों का आवागमन सुबह 10 से रात 10 बजे तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। जबकि अति आवश्यक सेवा वाले भारी वाहन रात 10 बजे से 2 बजे तक यात्रा रूट पर चल सकेंगे। रामपुर रोड,

**नवरात्रि और ईद पर शहर में नहीं आएंगे पर्यटक वाहन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक के लिए जारी किया डायवर्जन प्लान**

बरेली रोड, चोरगलिया रोड, कालाढूंगी रोड से ईद मनाने के लिए पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त दुपहिया वाहनों को 31 मार्च से 2 अप्रैल तक विभिन्न चेकिंग प्वाइंट टांडा बैरियर, बेलबाबा, कालाढूंगी नैनीताल तिराहा, नारीमन तिराहा, भीमताल मोड़ से वापस किया जाएगा। बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्र को आने-जाने वाले तीनपानी फ्लाईओवर से गौला बाईपास रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से जाएंगे। रूद्रपुर से पर्वतीय क्षेत्र को आने-जाने वाले पंतनगर तिराहा दिनेशपुर मोड से एनएच 109 नया हाईवे होते हुए लालकुंआ से तीनपानी फ्लाईओवर से गौला रोड होते हुए नारीमन तिराहा से जाएंगे। पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को 8 बजे से 10 बजे तक जनपद सीमा पर रोका जाएगा। जो वाहन शहर की ओर आ जाएंगे, उन्हें नंबर-1 बैंड से पीछे रोड के बाई ओर व पुलिस चौकी सलड़ी क्षेत्र में अमृतपुर मोड़ से अंदर पार्क किया जाएगा। काठगोदाम में यातायात का दबाव अधिक होने पर 3 बजे के बाद नैनीताल और भवाली से मस्जिद तिराहा से मैदानी क्षेत्र को जाने वाले पर्यटक वाहन नंबर-1 बैड व रूसी बाईपास द्वितीय से रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढुंगी से जाएंगे। पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाली रोडवेज व केमू की बसें निर्धारित रूट पर चलेंगी।

## श्रीदेवी भागवत महापुराण आज से

**हल्द्वानी।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री बसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज के दिव्य सानिध्य में श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा एवं यज्ञ पूजा महोत्सव का आयोजन कल यानि आज रविवार से 12 अप्रैल



तक किया जाएगा। यह भव्य आयोजन हल्द्वानी के एमबीपीजी इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस महोत्सव में जगद्गुरु श्री बसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज पहली बार हल्द्वानी पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता की दिशा में मार्गदर्शन देंगे। आयोजन के प्रमुख हेमंत पांडे ने जानकारी दी कि प्रतिदिन सुबह 10 बजे विशेष साधना पूजा होगी, दोपहर 3 बजे से श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा का वाचन होगा, जो जगद्गुरु श्री बसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज के श्रीमुख से होगा। वहीं शाम 6 बजे से सर्व सिद्धि प्रदायक सर्व देवी देवता महायज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम में हल्द्वानी नगर निगम के मेयर गजराज बिष्ट, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष समरपाल चौधरी और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। महायज्ञ में काशी के विद्वान पंडितों के माध्यम से औषधियों, चंदन, गाय के घी, मेवों और लकड़ियों के साथ बीज मंत्रों से आहुतियां दी जाएंगी। पांडे ने यह भी बताया कि प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक महाप्रसाद भी वितरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आस्था चैनल और जगद्गुरु के आधिकारिक यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव होगा।

## एक नजर

### गैरसैंण पर सरकार अपनी सोच स्पष्ट करे: कुंजवाल

**अल्मोड़ा।** पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि भाजपा सरकार गैरसैंण राजधानी को लेकर अपनी सोच स्पष्ट करें। 15 अप्रैल तक यदि भाजपा सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं लेती तो कांग्रेस पार्टी गैरसैंण में गैरसैण राजधानी समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी। कुंजवाल ने कहा कि उत्तराखंड का यह राज्य ऐतिहासिक आंदोलन के बाद प्राप्त हुआ है। इस राज्य को 25 वर्ष होने जा रहे है। राज्य आंदोलन के दौरान गैरसैंण को स्थाई राजधानी के रूप में चुना गया था। हरीश रावत ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में विधानसभा भवन, विधायक आवास, अधिकारी आवास, सड़क, बिजली, पेयजल कई कार्य पूर्ण किए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी की विधिवत स्वीकृति देने के बाद भी आज तक भाजपा सरकार का एक कर्मचारी, अधिकारी, मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में वहां बैठे नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच रही है कि, कम से कम अप्रैल से लेकर जुलाई तक चार महीने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण से पूरे प्रदेश के काम काज का संचालन हो।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन की बैठक आज

**अल्मोड़ा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी की एक बैठक संगठन के अध्यक्ष कमलेश पांडे के नेतृत्व में 30 मार्च को प्रात: 11 बजे से गांधी पार्क अल्मोड़ा में संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन के भविष्य में कार्यप्रणाली और अभी तक के कार्यो के बारे में चर्चा की जाएगी। अप्रैल माह में अल्मोड़ा संगठन के कार्यकाल को तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस बैठक में आगामी तीन वर्ष के लिए संगठन की रूपरेखा भी तय करनी है। संगठन अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से समय से बैठक में पहुंचने की अपील की है।

### उत्तरांचल एकेडमी शिक्षा समिति की हुई बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तरांचल एकेडमी शिक्षा समिति दुगालखोला की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष गीता बिष्ट व संचालन गिरजा दुर्गापाल द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया की शैक्षिक सत्र 2025-26 पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र 2025-26 के लिए उत्तरांचल एकेडमी शिक्षा समिति अल्मोड़ा का नवीनीकरण लंबित होने के कारण शैक्षिक सत्र शुरू नहीं किया जाएगा। बैठक में व्यवस्थापक भावना महिपाल, अध्यक्ष गीता बिष्ट, उपाध्यक्ष गिरजा दुर्गापाल, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, हरीश बनोला, शिवेंद्र गोस्वामी, रमेशनाथ गोस्वामी, हयात गिरी, धीरज सिंह रावत, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### होटल में हुई चोरी के मामले में आरोपी दोषमुक्त

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित निर्मल पैलेस पंजाब होटल में हुई चोरी के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। बता दें कि मामला जुलाई 2020 का है, जब तल्लीताल थाने में जोगेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुवे तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके कमरे के लॉकर से सोने और हीरे के आभूषण तथा एक सोने की अंगूठी और करीब 50 हजार रुपये चोरी हो गए हैं। इस मामले में संदेह की सुई परिवार की बहू अरवीन कौर पर गईए जिसके आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। अगस्त 2020 में पुलिस ने कुछ गायब आभूषण अरवीन कौर के कब्जे से बरामद करने का दावा किया था। मामले की सुनवाई द्वितीय अतिरिक्त जिला जज (जूनियर डिवीजन) आयशा फरहीन के न्यायालय में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता हरीश चंद्र पांडेय और शंकर सिंह चौहान ने प्रति परीक्षा और तर्कों के माध्यम से साबित किया कि अरवीन कौर का चोरी से कोई संबंध नहीं है। न्यायालय ने पाया कि मामले में कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था और विभिन्न उच्च न्यायालयों के फैसलों को आधार मानते हुए आरोपी महिला को भारतीय दंड संहिता की धारा 380 और 411 से दोषमुक्त कर दिया।

### खष्टी बिष्ट ने भाजपा सरकार पर कसा तंज

**नैनीताल।** उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को देख रहे आशुतोष नेगी तथा आशीष नेगी की गिरफ्तारी पर नैनीताल महिला जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि उत्तराखण्ड सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की गुहार लगाने वाले आशुतोष नेगी व आशीष नेगी को तुरंत रिहा करें। बिष्ट ने कहा कि अपनी सत्ता के हनक में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता के क्षेत्र में वेबाक होकर अपने कलम से जनता व सरकार के बीच का सेतु बनने वाले पत्रकारों को धमकाया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से लोकतंत्र की हत्या नहीं तो और क्या है, हम पूछना चाहते हैं उत्तराखंड सरकार किस बात का जश्न मना रही है यह आम जनता के गले नहीं उतर रहा है। बिष्ट ने कहा कि तीन साल बेमिसाल कहने वाली धामी सरकार से मैं पूछना चाहती हूं कि इन तीन सालों में ऐसा क्या कर दिया कि आपने जिसकी मिसाल आप दे रहे हैं? बिष्ट ने कहा धामी सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जहां हिंदू, मुस्लिम व देशी व पहाड़ी तथा मंदिर व मस्जिद का खेल खेल रही है वहीं इन तीन सालों में उत्तराखंड में सबसे ज्यादा बलात्कार और हत्या के केस सामने आए हैं।

### हेकड़ी दिखाने पर गाड़ी सीज

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक टैक्सी चालक को नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क कर हेकडी दिखाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल टोल चुंगी के समीप यूके 01 टीए 2845 सड़क किनारे पार्क कर वाहन चालक सवारियां भर रहा था। इस दौरान गश्त कर कई बार पुलिस ने टैक्सी हटाने को कहा, लेकिन वह नहीं माना जब पुलिस ने चालक से दस्तावेज दिखाने की बात कही तो उसके पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। वह कई लोगों का नाम लेकर हेकड़ी दिखाना लगा जिस पर पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया नियमों का उल्लंघन करने पर सावेज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 01 टीए 2845 को सीज कर दिया है।

## महिला पर घोड़ों को पत्थर मारने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वन विभाग की एक महिला कर्मचारी पर जमीरा के ग्रामीणों ने उनके बंधे घोड़ों को खोलकर पत्थर मारने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा से मुलाकात कर शिकायत की। उन्होंने बल्दियाखान में घोड़े बांधने की अनुमति मांगी। जानकारी के अनुसार जमीरा के ग्रामीण रोजाना चार किलोमीटर दूर गांव से घोड़ों पर सुबह सब्जी लेकर बल्दियाखान पहुंचते हैं। वह मंडी जाने के दौरान घोड़ों को दुकानों के समीप पेडों के नीचे बांधकर जाते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दो दिन पूर्व बिना किसी सूचना के बल्दियाखान में बंधे घोड़ों को वन विभाग में कार्यरत एक महिला ने खोल दिया और पत्थर मारकर जंगल की ओर भगा दिया। उससे पूछने पर वह अभद्रता पर उतर आई, जिसके चलते बीते रोज ग्रामीण अपनी सब्जी मंडी नहीं ले गए। इधर शनिवार को दर्जन भर ग्रामीण प्रशासक ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख हिमांशु पांडे व ग्राम प्रधान धर्मेंद्र रावत के साथ बल्दियाखान में वन क्षेत्राधिक. ारी से मिलने उनके कार्यालय में पहुँच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने महिला की शिकायत करते हुए उनके घोड़े बांधने के लिए अनुमति मांगी। जिस पर वन क्षेत्राधिकारी मुकल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण मुख्य सड़क से नीचे घोड़े बांध सकते हैं। बस ध्यान रहे कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गंदगी न फैले।

# देवी भागवत कथा का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी माया रौतेला द्वारा आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का भव्य भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन समारोह में व्यास पूजन, कन्या पूजन और हवन का आयोजन हुआ, जिसमें आचार्य सुधीर शुक्ला, आचार्य गौरव शास्त्री, आचार्य गुरुरानी, माया रौतेला (मुख्य यजमान), केएस खाती, बीएन लोहनी, पपने जी, प्रेम बल्लभ कांडपाल, तेज सिंह धौनी, दिनेश बिष्ट, निर्मल जोशी, नवीन जोशी, केसी त्रिपाठी, रमेश जोशी, अनिल जोशी समेत कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन में मनराल परिवार, रौतेला परिवार, लोहनी परिवार और खाती परिवार का



विशेष सहयोग रहा। अयोध्या से पधारे आचार्य कृष्ण भूषण शास्त्री ने माता के उद्गम पर विस्तृत चर्चा करते हुए कन्याओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में कन्याओं को उचित स्थान देने की आवश्यकता पर बल दिया और उनकी सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। साथ ही, एसजेबीएम फाउंडेशन के संस्थापक दिनेश बिष्ट को गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने और गरीब कन्याओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

# भाजपा के फासिस्ट बुलडोजर से मुकाबला करना होगा: मैखुरी

## अप्रैल के अंत होगा हल्द्वानी में विशाल प्रदर्शन, अखिल भारतीय किसान महासभा का बागजाला में सम्मेलन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला में किसान सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्य वक्ता भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा भाजपा की धामी सरकार एक ओर तीन साल पूरा होने का जश्न मना रही है दूसरी ओर बागजाला से लेकर देवाल तक गरीब जनता को उजाड़ने का कुचक्र रच रही है। वन भूमि पर सैकड़ों सालों से बसे लोगों को उजाड़ने की कोशिश के पीछे इस जमीन को बड़े पूंजीपति कॉरपोरेट को देने का इरादा स्पष्ट है। जनता एकजुट होकर सरकार के खिलाफ अपने संघर्ष को संचालित न कर सके इसके लिए जनता में धार्मिक आधार पर विभाजन पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता से अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन लोगों की रोटी रोजगार आवास शिक्षा स्वास्थ्य के बजाय भाजपा का बुलडोजर गरीबों, दलितों, भूमिहीनों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों को उजाड़ने के लिए पहुंच गया। जनता की एकजुटता के जरिए ही इस फासिस्ट बुलडोजर का मुकाबला किया जा सकता है। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि, बागजाला में सालों से बसे लोगों को उजाड़ने की हर कोशिश के खिलाफ किसान महासभा आरपार का संघर्ष चलाने को प्रतिबद्ध है। इसके लिए अखिल भारतीय किसान महासभा अपना संगठन मजबूत करते हुए अपनी मांगों के लिए आंदोलन तेज करेगी। किसान सम्मेलन से किसान महासभा की बागजाला की 31 सदस्यीय नई परिषद चुनी गई, जिसने 13 सदस्यीय कार्यकारिणी का चयन किया। साथ ही आठ प्रस्ताव भी पारित किए गए। बागजाला के मालिकाने के अधिकार पर सरकार की उदासीनता के खिलाफ सम्मेलन में सर्वसम्मति से अप्रैल के अंत में हल्द्वानी में विशाल प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। किसान महासभा की जिला कमेटी की ओर से सम्मेलन के चुनाव पर्यवेक्षक विमला रौथाण और नैन सिंह कोरंगा मौजूद रहे। किसान सम्मेलन में मुख्य रूप से इंद्रेश मैखुरी, आनंद सिंह नेगी, डा कैलाश पाण्डेय, उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, दीवान बर्गली, मीना भट्ट, पंकज चौहान, रईस अहमद, हरक सिंह बिष्ट, भावना देवी, कुंवर सिंह रावत, हेमा देवी, भगवती भट्ट, चन्दन सिंह मटियाली, हनीफ, सुरेंद्र नयाल, दीपिका देवी, सोनू देवी, ममता प्रजापति, लीला देवी, चंपा देवी, भगवती गोस्वामी, मुन्ना, गोपाल बिष्ट, कुंवर राम, यासीन, यशपाल आर्य, एचएस नयाल, पुष्पा भट्ट आदि समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।

## गौ माता के लिए सुंदरकांड का पाठ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गौ रक्षा समिति द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करें अभियान का तेरहवां दिन शनिवार को भी जारी रहा। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। भगवान शंकराचार्य की प्रेरणा से श्री गौ रक्षा समिति के संयोजक डिंपल पांडे ने बताया कि समिति की पहल के तहत यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जन जागरूकता फैलाई जा रही है। समिति के जिलाध्यक्ष पं. विनोद चंद गुरुरानी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। डिंपल पांडे ने बताया कि बुद्ध पार्क में चल रहे इस अभियान को जल्द ही और अधिक विस्तार मिलेगा और आंदोलन को गति देने के लिए कार्यकारिणी का भी विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य नवीन कंडवाल, आर्येन्द्र शर्मा, दीपक सुयाल, नारायण दत्त, शिरोमणि पन्त, प्रकाश भट्ट, प्रताप सिंह चौहान, रूपेंद्र नगर, मनोज कवि, दयाल अरुण चंद्र मासी वाला, हरीश रावत, योगिता बनोला, हर्षवर्धन पांडे, हीरा सिंह कोरंगा, संतोष कबाड़वाल सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे।

# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

## आईपीएल-2025

● सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

# केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत




● दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा।

विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है।


**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002 दूरभाष नं० 0135-2646000-212 फैक्स नं० 0135-2643050
email:- hqpu@ptcul.org
PTCUL

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **26.04.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी.एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **25.04.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00+18% जी.एस.टी० अर्थात् रू० 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-15/2024-25** : पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में परियोजना कार्यालय हेतु स्टेशनरी सामग्री (O. Ring File, Box File, etc.) की आपूर्ति करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

2) **T-16/2024-25**: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन" में परियोजना कार्यालय हेतु पेपर रीम (A4 Size) की आपूर्ति करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

3) **T-17/2024-25**: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में स्वच्छता के दृष्टिगत साफ-सफाई हेतु सफाई सामग्री (Sanitization Items, Floor Cleaners, Washroom Cleaners, Room Freshener etc.) की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।

4) **T-18/2024-25**: पिटकुल, मुख्यालय 'विद्युत भवन' में स्थापित परियोजना कार्यालयों के अन्तर्गत स्थापित कार्यालयों में उपलब्ध Sofa-Set, Blind, Chairs इत्यादि Dry Cleaning करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

5) **T-19/2024-25**: पिटकुल, मुख्यालय 'विद्युत भवन' में मुख्यालय के प्रयोगार्थ Printed Cobra Files की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

पत्रांकः- 108/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांकः- 29.03.2025

अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0इ0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"


# जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड




### 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया। सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

राहुल त्रिपाठी मिड-विकेट पोजिशन पर फिल साल्ट के हाथों कैच हो गए। हेजलवुड ने ओवर की छठी गेंद शार्ट पिच फेंकी, इस बार सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड लान्ग लेग पर मनोज भांडागे के हाथों कैच हो गए। सीएसके के 2 टॉप स्कोरर रचिन रवींद्र और शिवम दुबे एक ही ओवर में आउट हो गए। दोनों को 13वें ओवर में यश दयाल ने बोल्ड किया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

**नेपियर।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया।




श्री पुष्कर सिंह धामी
मा0 मुख्यमंत्री
उत्तराखण्ड सरकार

UTTARAKHAND SPORTS DIRECTORATE

**''मा0 मुख्यमन्त्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना''**

उत्तराखण्ड राज्य



श्रीमती रेखा आर्या
मा0 खेल मन्त्री
उत्तराखण्ड सरकार

पत्रांक 1630/2024-25/ दिनांक 29/03/2025

1- वर्ष 2025-26 में मा0 मुख्यमन्त्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत प्रतिमाह रु0 1500/-की छात्रवृत्ति जनपद नैनीताल के 08 से 14 आयु तक (08 से 09 वर्ष, 09 से 10 वर्ष, 10 से 11 वर्ष, 11 से 12 वर्ष, 12 से 13 वर्ष एवं 13 से 14 वर्ष तक) के प्रत्येक आयु वर्ग के 25 बालक एवं 25 बालिका खिलाड़ी इस प्रकार कुल 150 बालक एवं 150 बालिका खिलाड़ियों को प्रदान की जायेगी।

2 चयन विभिन्न स्तरों पर गठित चयन समिति द्वारा निम्नानुसार शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर किया जायेगा। जिसकी अन्तिम चयन प्रक्रिया जनपद स्तर पर होगी।

| क्र0सं0 | स्तर | प्रतिभाग स्रोत | अगले चरण हेतु चयनित संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | न्याय पंचायत/नगर पंचायत | सम्बन्धित न्याय पंचायत/नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत समस्त विद्यालयों से चयनित 02 बालक एवं 02 बालिकाऐं प्रत्येक आयु वर्ग में प्रतिभाग करेंगें। | विकास खण्ड स्तर हेतु 02 बालक एवं 02 बालिकाओं का चयन प्रत्येक आयु वर्ग में किया जायेगा। |
| 02 | नगर पालिका | सम्बन्धित नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत समस्त विद्यालयों से चयनित 02 बालक एवं 02 बालिकाऐं प्रत्येक आयु वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। | जनपद स्तर हेतु 03 बालक एवं 03 बालिकाओं का चयन प्रत्येक आयु वर्ग में किया जायेगा। |
| 03 | नगर निगम | सम्बन्धित नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त विद्यालयों से चयनित 02 बालक एवं 02 बालिकाऐं प्रत्येक आयु वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। | जनपद स्तर हेतु 06 बालक एवं 06 बालिकाओं का चयन प्रत्येक आयु वर्ग में किया जायेगा। |
| 04 | विकास खण्ड | सम्बन्धित न्याय पंचायत/नगर पंचायत से चयनित 02 बालक एवं 02 बालिकाऐं प्रत्येक आयु वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। | जनपद स्तर हेतु प्रत्येक विकास खण्ड से 06 बालक एवं 06 बालिकाओं का चयन प्रत्येक आयु वर्ग में किया जायेगा। |

3-खेल छात्रवृत्ति योजना हेतु ऐसे बालक एवं बालिकाएं पात्र होंगे जिनकी **आयु 08 से 14 वर्ष के मध्य होगी एवं उत्तराखण्ड राज्य के स्थायी निवासी होंगे।** आयु की गणना चयनित वर्ष के **01 जुलाई,2025** से की जायेगी अर्थात् किसी आयू वर्ग में सम्मिलित होने के लिये बालक एवं बालिका की जन्म तिथि **01 जुलाई** इसके बाद का होनी चाहिये।

**4-चयन प्रक्रिया निम्न शारीरिक दक्षताओं के आधार पर ली जायेगी:-**

**(1) 30 Meter Flying Run** **(2) Standing Broad Jump** **(3) Forward Bend & Reach**
**(4) 6X10 Shuttle Run** **(5) Medicine Ball Put** **(6) 600 Meter Run**

**5- प्रत्येक स्तर की चयन प्रक्रिया निम्नलिखित तिथियों में आयेजित की जायेगी:-**

| क्र0सं0 | चयन प्रक्रिया का स्तर | आयोजन तिथि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | न्याय पंचायत स्तरीय (43 न्याय पंचायतों में) | 02 से 12 अप्रैल, 2025 तक प्रत्येक न्याय पंचायत/नगर पंचायत/वि0ख0/नगर पालिका एवं नगर निगम की चयन तिथियों का निर्धारण संबंधित क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा | प्रत्येक न्याय पंचायत/नगर पंचायत में चयन स्थलका निर्धारण संबंधित क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा |
| 2 | नगर पंचायत स्तरीय (01 नगर पंचायतों में) | | |
| 3 | नगर निगम/नगर पालिका स्तरीय | | |
| 4 | विकास खण्ड स्तरीय (08 विकास खण्डों में) | | 1. वि0ख0 रामनगर-रा0इ0का0 रामनगर। 2. वि0ख0 कोटाबाग-रा0इ0का0 कालाढूंगी। 3. वि0ख0 हल्द्वानी-स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी। 4. वि0ख0 भीमताल-मिनी स्टेडियम भीमताल। 5. वि0ख0 ओखलकाण्डा-रा0इ0का0पतलोट। 6. वि0ख0 धारी-आगर रा0इ0का0 राड़ी पोखर। 7. वि0ख0 रामगढ़-नारायण स्वामी इ0का0 तल्लारामगढ़। 8. वि0ख0 बेतालघाट-मिनी स्टेडियम बेतालघाट। |
| 5 | जिला स्तरीय | 14 अप्रैल 2025 को बालिका एवं 15 अप्रैल, 2025 को बालक | स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी जनपद नैनीताल। |

6- योजना के सम्बन्ध में अन्य विस्तृत जानकारी जिला खेल कार्यालय, हल्द्वानी से किसी भी कार्यदिवस में मो0नं0 **8979240575, 9759069878** से प्राप्त की जा सकती है एवं छात्रवृत्ति हेतु **Khelouk.in** पोर्टल पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है।

जिला क्रीड़ाधिकारी नैनीताल | मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल | मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल | नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी | मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल | जिलाधिकारी नैनीताल


## टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए।

## ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर**

पत्रांक: 740/2024-25 / निविदा / दिनाँक 29/03/2025

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उ0ज0सं0 शाखा रामनगर, में निम्न कार्य हेतु, उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरवन्द निविदा टैण्डर वाक्स के माध्यम से दिंनाक 09.04.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 09.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +जी.एस.टी. (रू.) | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा रामनगर के अन्तर्गत वि0ख0 रामनगर के बल्दिया पडाव स्थित वाटर ट्रिटमेन्ट प्लान्टं के विभिन्न टैंकों से सिल्ट/मिट्टी की सफाई का कार्य। | 18000.00 | 1000+180.00=1180.00 | "D" एवं उच्चतर। |

**शर्ते :-**

1.धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के नाम से न्यूनतम 12 माह हेतु बंधक हों, जमा करानी होगी।
2.निविदा प्रपत्र दिनांक 31.03.2025. के सायं 3:00 बजे से दिनांक 08..04.2025 के सांय 5.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधाहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3.निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर्स के Originals अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के कार्यालय में दिनांक 09.04.2025 साय 2.00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा कराये जाने होंगे।
4.एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर में निहित होगा।
5.शेष समस्त नियम एवं शर्ते टैण्डर प्रपत्र के अनुसार होंगी।

अधिशासी अभियन्ता



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा**
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, रामनगर, नैनीताल
(ई-मेलः ceedujnramnagar@gmail.com फोनः- 05947-298520)

पत्रांक 422/विविध-16/07 दिनांक 28/03/2025

**//अपील//**

इस शाखा द्वारा जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर, कोटाबाग, एवं बेतालघाट में उत्तराखंड पेयजल निगम को आवंटित ग्रामों में यथा प्रस्तावित पेयजल सम्बन्धी विभिन्न कार्य सम्पादित किये जाते हैं। समय-समय पर विभिन्न ग्रामों में पेयजल बंटवारें एवं अन्य आपसी विवाद के कारण विभिन्न शिकायते प्राप्त होती हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा पेयजल का क्यारियों की सिंचाई आदि में भी प्रयोग किया जा रहा है एवं ग्रीष्मकाल में इस कारण पेयजल की अत्यंत समस्या उत्पन्न हो जाती है। विभिन्न स्थानों पर सप्लाईमेन में अवैध रूप से छेडछाड की शिकायते भी प्राप्त हो रहीं हैं। इसके अतिरिक्त मरम्मत कार्यो के दौरान दृष्टिगोचर हुआ है कि विभिन्न स्थानों पर चौकेज दूर करने पर लाईन से बोतलकैप, प्लास्टिक, लकड़ी डाट निकाली गई है, जिससे पता चलता है कि पाइपलाईन को कृत्रिम रूप से भी चौकेज किया जा रहा है। जिनका विभाग द्वारा समय-समय पर निराकरण कराया जाता है। इस कारण क्षेत्रीय जनता परेशान होती है तथा विभागीय समय की भी हानि होती है। विभाग द्वारा प्रत्येक ग्रामस्तर पर प्रतिदिन देख-रेख हेतु विभागीय मानव संसाधन की उपलब्धता नहीं है। शीघ्र ही इस शाखा से सम्बन्धित योजनाओं की बिल वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

**यह भी अवगत कराना है कि सार्वजनिक संपत्ति में अवैध रूप से छेड़छाड़ करना या दूसरे की जलापूर्ति बाधित करना दंडनीय अपराध है। अतः ऐसी स्थिति में विभाग विधिक कार्यवाही हेतु बाध्य रहेगा।**

अतः समस्त प्रबुद्ध जनता से निवेदन एवं अपील की जाती है कि पेयजल वितरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की कृपा करेंगे तथा अनावश्यक किसी भी पाइपलाईन में छेडछाड़ नहीं करेंगे। यदि, किसी भी व्यक्ति द्वारा विभाग की पाइपलाइन में छेड़छाड़ (पाइपलाइन से अपनी पाइपलाइन जोड़ना, पाइपलाइन का एलाइन्मेन्ट बदला जाता, अथवा पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त करना) की जाती है, तो उक्त व्यक्ति पर दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी। पेयजल से सम्बन्धित शिकायत हेतु निम्न Tollfree No.पर सम्पर्क करें :-

**Tollfree No. :- 1800-180-6275**

अधिशासी अभियन्ता

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-एक रुड़की में

# पुस्तक उपहार कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-एक रूड़की में आज पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नए सत्र में अगली कक्षा में जाने वाले बच्चे अपनी पिछली कक्षा की पुस्तकें विद्यालय में दान करते है तथा अपने लिए नयी कक्षा की दान में आई हुई पुस्तकें प्राप्त करते है। इसमें आज कक्षा एक से नौ तक के बच्चों ने आपस में किताबों का आदान-प्रदान किया। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में अति उत्साह से भाग लिया।




केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1रूड़की में आयोजित पुस्तक उपहार कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य पर्यावरण संरक्षण हैद्य इसके अलावा किताबों पर व्यय होने वाले पैसों की बचत तथा विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित करना भी इसमें निहित है। इस कार्यक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तके आपस में बदलकर पेड़ों को कटने से बचाया तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना सहयोग दिया। अपने आशीर्वचन में उप प्राचार्या सुश्री संगीता खोराना ने कहा कि छात्रों ने पूरे साल किताबों को पढ़ाए इसके बाद भी उन्होंने किताबों को संभालकर रखाए जिससे इनका इस्तेमाल दूसरे छात्र आसानी से कर सकेंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ उन छात्रों की भी मदद हो जाती है जो पुस्तके खरीदने में असमर्थ होते है। मुख्य अध्यापिका श्रीमती नेहा चौबे ने भी इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिभावकों को इस कार्यक्रम में अपना बढ़ चढ़कर सहयोग देने के लिए धन्यवाद् करते हुए पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के कागज बचाओ, पेड़ बचाओ अभियान के तहत हर वर्ष पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को बचपन से ही पर्यावरण, संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाया जा सके तथा उनमे सहयोग की भावना विकसित की जा सके। इस अवसर पर पूनम कुमारी कनिका खन्ना, संध्या पवार, श्रुति पालीवाल, अंजलि यादव, टीना अगरवाल, तृप्ति थपलियाल, एवं अंजलि सिंह आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# पांच हजार का इनामी गिरफ्तार 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर। लक्सर पुलिस के द्वारा 5000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा पुरस्कार घोषित वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के संदर्भ मैं विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार पुलिस को वाछित इनामी अभियुक्तगण की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए जनपद के सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया गया था। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 28 मार्च



2025 को लक्सर क्षेत्र से 5000 के इनामी नशा तस्कर को 10.60 ग्राम अवैध स्मेंक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम वाजिद उर्फ पतली पुत्रा ताहिर निवासी ग्राम लादपुर कला कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल पंचम प्रकाश रियाज अली ध्वजवीर सिंह मनोज शर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ 01 व्यक्ति को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री/तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा चौकी प्रभारी /हल्का प्रभारी/बीट कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। जिसके अनुपालन में दिनांक 28/3/2025 को भगवानपुर पुलिस द्वारा 50 पैकेट देशी शराब टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ अभि0 बबलू पुत्र लालू निवासी इब्राहिमपुर मसाईकला थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को ईशम सिंह कि कोठी पर जाने वाली चकरोड पर से गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्व थाना हाजा पर 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभि0 को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। पकडक गये आरोपी से 50 पैकेट देशी शराब टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब बरामद कर ली है। पुलिस टीम में का0 राकेश प्रजापति थाना भगवानपुर, का0 देवेन्द्र सिंह नेगी थाना भगवानपुर शामिल रहे।

# टायर फैक्ट्री के श्रमिकों ने जुलूस निकालकर दिखाई ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** अपनी मांगों को लेकर लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। इसी के तहत आज श्रमिकों ने लंबा जुलूस निकाकर अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने मांगे न माने जाने पर` महापंचायत बुलाने की चेतावनी भी दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी मांगों को लेकर लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों ने शनिवार को करीब दो किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला। उन्होंने मांगे न माने जाने पर 7 अप्रैल को महापंचायत बुलाने की चेतावनी भी दी है। फैक्ट्री प्रबंधन और श्रमिकों के बीच हर तीन



साल बाद होने वाले एग्रीमेंट को लेकर श्रमिकों की यूनियन करीब दो हफ्ते से धरना दे रही हैं। श्रमिकों का कहना है कि जब मांगें नहीं मानी जाती आंदोलन जारी रहेगा।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया 14 मार्च 2025 को रवि पाल पुत्र बलवंत निवासी ग्राम बहालपुरी थाना कोतवाली लक्सर द्वारा अपने पुत्र राहुल व परिजन प्रेमचंद पर जान से मारने की नीयत से हमला करने के संबंध में तहरीर दी गई थी। जिसमें संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी हरिद्वार द्वारा क्षेत्राधिकार को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्तगणों की धर पकड़ के लिए संभावित स्थानों पर देकर उक्त अभियोग के संबंध में अभियुक्त साधुराम को रायसी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार होने की फिराक में था। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूडी कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# महिला कर्मचारी के खाते से ठगों ने 66 हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** साइबर ठगों ने फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एक महिला कर्मचारी के खाते से हजारों की रकम साफ कर दी। महिला ने उस नंबर पर कॉल की तो साइबर ठग ने अभद्रता करने के बाद मोबाइल बंद कर दिया। महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी नीलम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में नौकरी करती है। शुक्रवार को वह कंपनी से वापस घर आ रही थी। इस बीच उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि जिस बैंक में उनका खाता है वह उस बैंक का अधिकारी बात कर रहा है। बताया कि कंपनी की ओर से उनके जिस खाते में वेतन भेजा जाता है वह आधार कार्ड से लिंक नहीं है। आधार कार्ड से खाता लिंक नहीं होने की वजह से उनके खाते में मार्च माह का वेतन नहीं आ सकेगा। वह खाता आधार कार्ड से लिंक कराना चाहती है तो कुछ बैंक संबंधी जानकारी देनी होगी। उसके झांसे में आकर महिला ने बैंक और आधार कार्ड सहित अन्य जानकारी दे दी। कॉल कटने के कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से 66 हजार रुपये की रकम निकाले जाने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उनके होश उड़ गए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने उस नंबर पर वापस कॉल की। उन्होंने कॉल रिसीव करने वाले से खाते से रकम निकालने का विरोध किया। इस पर उसने महिला के साथ अभद्रता कर दी और मोबाइल बंद कर दिया। तभी से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। महिला ने कर्मचारी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कराई जा रही है।

# पुलिस ने चोरी किए फोन के साथ आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने एक आरोपी को फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वादी आकाश नामदेव पुत्र दीपक नामदेव निवासी ग्राम रेहली थाना रेहली जनपद सागर मध्य प्रदेश हाल निवासी रायपुर थाना भगवानपुर (हरिद्वार)द्वारा तहरीर दी गयी कि किसी अज्ञात बाईक सवार द्वारा वादी का मोबाइल फोन (कम्पनी सैमसंग ।-13 सिम नम्बर 7247465294 रंग आसमानी) छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0-103/2025 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये सफल अनावरण हेतु प्रभारी थाना भगवानपुर द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विषलेश्ण किया गया जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर 28/03/25 को आरोपी अनूप पुत्र विनोद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को वादी से छीने गया मोबाईल फोन व घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 संख्या 4742 के साथ सिरचंदी वाली रोड पर बगीचा के पास तिराहे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभि0 1-अनूप पुत्र विनोद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार है। उससे मोबाईल फोन सैमसंग कम्पनी रंग आसमानी नीला 2-मो0सा0 संख्या 4742 बरामदकी है। पुलिस टीम में 1-उ0नि0 शहजाद अली थाना भगवानपुर 2-हे0का0 गीतम सिंह 3-का0 संजीव यादवख्रथाना भगवानपुर शामिल रहे।

# दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान

**रुड़की।** बच्चों के विवाद को लेकर आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

पुलिस को सूचना मिली कि मंगलौर के पीरपुरा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हो रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम उस्मान व मूसा निवासी ग्राम पीरपुरा बताए हैं। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद दोनों आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

# आईआईटी शोधार्थी की पत्नी के जेवर ब्यूटी पॉर्लर से चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ब्यूटी पार्लर गई आईआईटी शोधार्थी की पत्नी के पर्स में रखे जेवर गायब हो गए। शोधार्थी की पत्नी ने पार्लर पर काम करने वाली एक युवती पर जेवर चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं, युवती ने चोरी के आरोपों को झूठा बताया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को आईआईटी के शोधार्थी की पत्नी सच्ची सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह सिविल लाइंस स्थित एक पार्लर गई थी। इस बीच उसने कान की बाली और अन्य जेवर निकालकर पर्स में रख दिए थे। वह घर पहुंची तो पर्स से जेवर गायब मिले। आरोप लगाया कि पार्लर में काम करने वाली एक युवती ने पर्स की चेन खोलकर जेवर चोरी किए हैं। इस पर पुलिस ने आरोपी युवती और उसकी मालकिन को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया। यहां युवती ने चोरी के आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया। बताया कि जेवर महिला ने उतारकर पर्स में जरूर रखे थे लेकिन उसने जेवर चोरी नहीं किए हैं। एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग का मिला नया दायित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने सत्यनारायण मंदिर इंटर कॉलेज मखदुमपुर झबरेड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार प्रधान के सेवानिवृत होने पर शनिवार को कॉलेज में ही विदाई समारोह आयोजित किया। जहां उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया और दीर्घायु जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रधानाचार्य मनोज सैनी, जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर, प्रधानाचार्य संजय गर्ग, अजय कौशिक, डॉ. दीपक शर्मा, मैनपाल सिंह आदि ने उनको शुभकामनाएं पर प्रेषित की।

# सामान तोड़ते समय डिब्बा फटने से कबाड़ी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के बाजुहेड़ी गांव में कबाड़ी का सामान खरीदने वाले एक व्यक्ति का बंद डब्बे को तोड़ते समय घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार दीन मोहम्मद निवासी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मेंहवड कला लंबे समय से क्षेत्र में कबाड़ी का काम कर रहा हैं। शनिवार को वह क्षेत्र के बाजुहेड़ी गांव में एक व्यक्ति के यहां से पुराना सामान खरीद रहा था। इस दौरान एक डब्बे को तोड़ते समय उसे चोट लग गई जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। घायल को आसपास के लोगो ने उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया हैं। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।मौके पर पहुंची पुलिस से पहले ही घायल को वहां से ले जाया जा चुका था ।पुलिस ने आसपास के लोगो से घटना की जानकारी की।

# 70 पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रूडकी पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को 70 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनांक 28/3/25 को कांस्टेबल 872 गुलबहार, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी चेतक गस्त में क्षेत्र में मामूर थे कि दौराने गस्त व चेकिंग के एक व्यक्ति आयुष कटारिया पुत्र राजू निवासी बरहमपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार द्वारा स्कूटर नंबर यूके 17 6110 पर अवैध देसी शराब परिवहन करते हुए 70 पाउच देशी शराब के साथ वाल्मीकि मंदिर के पास ग्राम भगेड़ी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# भाईचारे के साथ मनाएं ईद का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेड़ा थाने में ईद को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों और पुलिस की बैठक आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्रवासियों को ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झबरेड़ा थाने में ईद को लेकर स्थानीय लोगों और पुलिस की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय सिंह ने क्षेत्र के लोगों को बताया कि ईद का त्योहार भाईचारे का त्योहार है, इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाए। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई रविंद्र कुमार, जय सिंह, मनोज कुमार, राव कुर्बान अली, डॉ. जोध सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अखलाक, अशोक कुमार, अरसिल कौसर, बिलाल अहमद, नरेश कुमार, शमीम अहमद, मोहम्मद फारूक, सलीम अहमद, इकबाल, अब्दुल वाजिद, अनीश अहमद आदि उपस्थित रहे।

### समय पर खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

**रुड़की।** इस समय गन्ना समेत अन्य फसलों की बुवाई का कार्य चल रहा है। लेकिन किसान सेवा सहकारी समितियों पर उर्वरक का अभाव बना हुआ है। जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# शिक्षा के बिना समृद्धि लाना है मुश्किल : डॉ. अटल बिहारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** धनौरी पीजी कॉलेज में शनिवार को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त करने, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को समझने और व्यक्तित्व विकास करने में मदद करती है। इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं को नशे का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, भाजपा नेता ललित मोहन अग्रवाल, महाविद्यालय के सचिव आदेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, मुख्य वक्ता डॉ. अटल बिहारी त्रिपाठी, पंडित एलएमएस, डॉ. ईवांशु कुमार सैनी, प्राचार्य प्रो डॉ. विजय कुमार और गोष्ठी की संयोजिका डॉ. अलका सैनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना भट्ट ने किया। मुख्य अतिथि मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. पृथ्वी सिंह विकसित की स्मृतियों को वह नमन करती है, जिन्होंने धनौरी घाड़ क्षेत्र को संस्थान दिया। ललित मोहन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमें और सभी छात्र-छात्राओं को अपने प्राचीन ज्ञान परंपरा और विरासत को जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से छात्र-छात्राओं में भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार होता है। मुख्य वक्ता डॉ. अटल बिहारी त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि बिना शिक्षा के समृद्धि लाना मुश्किल है। क्योंकि शिक्षा ही वह आधार है, जो व्यक्ति को ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. विनोद कुमार ने छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान पद्धति के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रियंका, सुनीता पासवान, सुशील कुमार को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज खानपुर ब्लॉक में सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तहसील स्तर के सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा से राज्यमंत्री शयाबीर सैनी व रुड़की जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु ने भाग लिया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा तीन साल बेमिसाल में जो बड़े कार्य किये गए है कितने बड़े फैसले लिए उनसे आम लोगो को क्या लाभ मिलेगा इस सबकी जानकारी दी गई। सभी ने सरकार की खूबियों को गिनवाने का काम किया। कार्यक्रम में महालक्ष्मी किट वितरण भी गई। नकल विरोधी कानून विरोधी कानून से लाभ मिलेगा करीब बीस हजार युवाओं को नोकरी मिली उस संबंध में भी जानकारी दी गई। यूसीसी लागू किया जिस धर्म मे तीन शब्द बोलकर उस परिवार से दूर कर दिया जाता था समानता का अधिकार मिला हमारे यहां बेटियों को बराबर का अधिकार दिया। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विभिन्न योजनायें चलाई बीजेपी ने




जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई उसी का परिणाम रहा की 2024 में बीजेपी फिर सरकार बनपाई। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में उत्तराखंड में चारों धाम पर रेलवे से सफर करने में आसानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तो और भी आगे आगे देखते जाइए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कितने बड़े-बड़े विकास कार्य किए जाएंगे।

# कलियर में सड़क पर अतिक्रमण से लग रहा है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर में सोहलपुर रोड पर अतिक्रमण होने के कारण मिट्टी के डंपर और भूसे से भरे ट्रेक्टर ट्राली के आने से सड़क पर जाम लग गया। आसपास के लोगो ने भारी मशक्त के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू करवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कलियर में सोहलपुर रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण मिट्टी के डंपर और भूसे से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली आने से सडक पर लंबा जाम लग गया। जिसके कारण आसपास के लोग को जाम में फंसे रहे। जाम के कारण लोगो को दूसरे रास्तो से गुजरना पड़। जाम को देख आसपास के दुकादारो स्थानीय लोगो और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू कराया।



# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण: मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

**बीजिंग, वार्ता**

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक



■ चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।

## अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफ़गान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक



■ कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमे. रिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रो. कने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

# इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

**बेरूत/पेरिस, वार्ता**

■ युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला

■ मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

# अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान



■ राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल

■ ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंग्टन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरी. दने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।





# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित

■ भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

### पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

# गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिस श् कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी



**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर श्किसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।


साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108


## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।


समस्त देशवासियों को जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

सौजन्य से:- जवाब हुसैन ग्राम प्रधान बगरब्बा वि. ख. सैदनगर रामपुर


# आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।' आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।


रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर




Ranked No. 1 in the City*
SETH ANANDRAM JAIPURIA SCHOOL
VASUNDHARA, GHAZIABAD

From Classroom to Cockpit
WHERE DREAMS TAKE FLIGHT
Admission Open for 2025-26
Pre-Nursery to XI
As per vacant seats
100% Scholarship for deserving students seeking admission in class XI.

| Scholarship test result | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 97.5% or More | 100% |
| 95% to 97.49% | 90% |
| 90% to 94.99% | 80% |

Scholarship eligibility based only on Board Result

| % Board Marks | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 98 % and above | 100% |

Streams available: Science, Commerce & Humanities
jaipuriaghaziabad.edu.in
*by Times School Survey 2024
Cfore School Rankings 2024
Dainik Jagran 2024
8447069990, 8080811811 (ext.1)
Sector-14C, Vasundhara, Ghaziabad
THE SCHOOL OFFERS
CAMBRIDGE International Education
Cambridge International School
ieyc International